डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.adhuniksamachar.com

सुबह 5:12 बजे
शाम 6:54 बजे

अधिकतम 43 से 45 डिग्री
न्यूनतम 30 से 32 डिग्री

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



राजेश सिंह पिपरी थाना प्रभारी...पेज-6



सिनेमाःमुंबई एयरपोर्ट पर सेल्फी क्लिक...

वर्ष -09 अंक -91 | प्रयागराज, बुधवार 14 जून,2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## समाचार संक्षिप्त

### तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी के परिसरों पर ईडी के छापे

चेन्नई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन के एक मामले की जांच के तहत मंगलवार को तमिलनाडु के बिजली मंत्री वी सेंथिल बालाजी और कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। राज्य की राजधानी चेन्नई और करूर शहर में बालाजी के परिसरों पर छापे मारे जा रहे हैं। उच्चतम न्यायालय ने कथित 'नौकरी के बदले नकदी' घोटाले में बालाजी के खिलाफ पिछले महीने पुलिस और ईडी को जांच की अनुमति दे दी थी। वह राज्य का आबकारी विभाग भी संभालते हैं। सूत्रों ने कहा कि धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। आयकर विभाग ने भी पिछले महीने राज्य में बालाजी के करीबी लोगों के परिसरों पर तलाशी ली थी।

### सड़क के किनारे बैठे चार लड़कों को ट्रक ने कुचला, मौत

कोरबा। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में सड़क के किनारे बैठकर बात कर रहे चार लड़कों की ट्रक से कुचलकर मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के पाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत चैतमा गांव के करीब राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 पर ट्रक से कुचलकर नितेश कुमार पटेल (17), निर्मल सिंह टेकाम (16), यशवंत कुमार पटेल (17) और प्रकाश कुमार प्रजापति (17) की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि प्राप्त सूचना के अनुसार, सोमवार देर रात चारों लड़के सड़क के किनारे बात कर रहे थे। इनमें से दो लड़के सड़क के किनारे नीचे बैठे थे और दो अन्य एक मोटरसाइकिल पर थे।

### समुद्र में चार लड़कों के डूबने की आशंका, दो किशोरों के शव बरामद

मुंबई। मुंबई के जुहू कोलीवाड़ा के पास समुद्र में जाने के बाद लापता हुए चार लड़कों में से दो के शव बरामद कर लिए गए हैं। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। नगर निकाय अधिकारियों ने बताया कि 16 वर्षीय धर्मेश वाल्जी फौजिया और 15 वर्षीय शुभम योगेश भोगनिया के शव बरामद किए गए हैं। जुहू कोलीवाड़ा में 12 से 16 साल की उम्र के पांच लड़कों का एक समूह सोमवार शाम करीब साढ़े पांच बजे समुद्र तट में आधा किलोमीटर दूर गया था, लेकिन वह लौट नहीं सका। उनमें से एक को बचा लिया गया, लेकिन अन्य लड़कों के डूब जाने की आशंका जताई गई।

# सतपुड़ा भवन में जल गई 12,000 फाइलें!

## कमलनाथ बोले-ये आग लगी है या लगाई गई?

भोपाल।सतपुड़ा भवन में सोमवार को लगी भीषण आग पर काबू पा लिया गया है। हालांकि, पूरे मामले को लेकर रातभर भोपाल से लेकर दिल्ली तक हलचल रही। दावा किया जा रहा है कि सतपुड़ा भवन की भीषण आग में 12,000 फाइलें और 25 करोड़ का फर्नीचर स्वाहा हो गई हैं। इसको लेकर राजनीति भी शुरू हो गई हैं। हालांकि, इससे पहले भी 2013 और 2018 में इसी भवन में आग लगी थी। यही कारण है कि पूरे मामले पर विपक्ष शिवराज सिंह चौहान की सरकार पर हमलवार है।

मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रमुख और पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा है कि यह भ्रष्टाचार का एक और उदाहरण है। ये आग लगी या आग लगी गई? वही वह सवाल है। अब तक, उन्होंने कहा है कि आग में 12,000 फाइलें नष्ट हो गईं। लेकिन वास्तव में कितनी फाइलें नष्ट हुईं? मकसद क्या था? उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यह भ्रष्टाचार का एक बड़ा मामला है और इसकी जांच एक स्वतंत्र एजेंसी से होनी चाहिए। कांग्रेस ने ट्वीट कर सरकार पर



फाइले जलाने का आकोप लगाया। अपने ट्वीट में कांग्रेस ने लिखा कि शिव'राज ने जलाये घोटालों के सबूत, – सरकार के भवन में 12000 फ़ाइलें जलकर खाक़, शिवराज सरकार का अंत निश्चित; शिवराज जी, एक दफ्तर जलाने से कुछ नहीं होगा, आपके घोटालों के सबूत गाँव-गाँव और घर घर तक पहुँच रहे हैं। 50इ कमीशन बाज़ी, अंत दिखा तो आग लगा दी।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्थिति पर नजर रखी और केंद्र सरकार तथा सेना की एक टीम के साथ-साथ कई अन्य एजेंसियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। राज्य सरकार ने आग लगने के संभावित कारणों की जांच के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की एक समिति गठित की है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने कहा कि समिति में अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) राजेश राजोरा, प्रधान सचिव (शहरी प्रशासन) नीरज मंडलोई , प्रधान सचिव (लोक निर्माण विभाग) सुखबीर सिंह और अतिरिक्त महानिदेशक (अग्नि)शामिल हैं। इस बीच, अरेरा हिल्स थाना प्रभारी आर के सिंह ने कहा कि आग ने इमारत के अंदर स्थित आदिवासी कल्याण और स्वास्थ्य विभाग के फर्नीचर और दस्तावेजों को अपनी चपेट में ले लिया। इस भवन में मध्य प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों के कार्यालय हैं। अधिकारी ने कहा कि आग में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है क्योंकि आग फैलने से पहले लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया था। प्रभावित सभी मंजिलों में आग पर काबू पा लिया गया है। केंद्र सरकार तथा सेना की एक टीम के साथ-साथ कई अन्य एजेंसियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग इमारत की तीसरी मंजिल पर सोमवार शाम करीब चार बजे लगी और छठी मंजिल तक फैल गई। प्रदेश सरकार के विभिन्न कार्यालयों वाले इस भवन में लगी आग को बुझाने के लिए सेना, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और तेल कंपनियों, बीएचईएल तथा आसपास के इलाकों से दमकल व पानी के टैंकरों को लगाया गया। एक अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह को आग के बारे में अवगत कराया और इसे बुझाने में सहायता मांगी।

## जयपुरः रिश्वत लेने के आरोप में गिरदावर सहित चार गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जयपुर जिले के आंधी तहसील के गिरदावर सहित चार लोगों को कथित तौर पर पांच लाख रुपये की रिश्वत राशि लेतेहुए रंगें हाथ गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी(महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार) ने एक बयान में बताया कि जयपुर जिले के आंधी तहसील के गिरदावर रामकिशन मीणा और तीन दलालों गिर्राज प्रसाद मीणा, केदार प्रसाद दर्जी, महेश कुमार शर्मा को परिवादी से उसकी खरीदी गई कृषि भूमि केसीमाकंन के एवज में पांच लाख




रुपये की रिश्वत लेते रंगें हाथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि परिवादी ने ब्यूरो में शिकायत दी थी कि उससे 15 लाख रुपये की रिश्वत मांग कर परेशान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिकायत के सत्यापन के बाद दल ने आरोपी गिरदावर रामकिशन मीणा और तीन दलालों (निजी व्यक्ति)को परिवादी से पांच लाख रुपये कथित तौर पर रिश्वत के रूप में लेते हुए रंगें हाथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने शिकायत करने से पूर्व ही परिवादी से रिश्वत के 3.50 लाख रूपये वसूल लिये थे। प्रकरण में आंधी के तहसीलदार की संलिप्तता की विस्तृत जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है। आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी है।

## जमीन से टकराया विमान का पिछला हिस्सा

### इंडिगो विमान के लैंडिंग के दौरान टला बड़ा हादसा

मुम्बई। इंडिगो का एक यात्री विमान हादसे में बाल-बाल बचा। दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान विमान का पिछला हिस्सा रनवे से टकरा गया। इस घटना में विमान का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक यात्रियों



को कोई नुकसान नहीं हुआ है। इस घटना के बाद यात्रियों को विमान से उतार दिया गया। नागर विमानन नियामक डीजीसीए ने कहा कि यह घटना 11 जून को दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर हुई। हादसा उस वक्त हुआ जब कोलकाता से दिल्ली जा रही इंडिगो की 321-253 फ्लाइट रनवे 27 पर लैंड कर रही थी। डीजीसीए ने कहा कि वह इस बात की जांच कर रहा है कि घटना कैसे हुई। इंडिगो एयरलाइंस पहले भी कई बार कई घटनाओं को लेकर सुर्खियों में रही है। यह पंजाब के अमृतसर से गुजरात के अहमदाबाद के लिए उड़ान भरते समय खराब मौसम से बचने के लिए पिछले सप्ताह कुछ समय के लिए पाकिस्तानी आसमान में दाखिल हुआ था। हालाँकि, यह जल्दी से भारतीय हवाई क्षेत्र में लौट आया और अहमदाबाद में सुरक्षित रूप से उतरा। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि खराब मौसम के कारण इंडिगो की उड़ान 6ई-645 अटारी से पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में दाखिल हुई। हालांकि, अमृतसर एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने फोन पर पाकिस्तान से संपर्क किया और मामले को आगे बढ़ाया। नतीजतन, पायलट विमान को मोड़ने और इसे सुरक्षित रूप से अमृतसर में उतारने में सक्षम था।

### स्मार्टफोन का दुरुपयोग और नशा युवाओं के लिए एक बड़ा खतरा : फारूक अब्दुल्ला

श्रीनगर। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि स्मार्टफोन का दुरुपयोग और नशा युवाओं के लिए एक बड़ा खतरा बनकर उभर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू और कश्मीर में युवा एक ही समय में असुरक्षा और बेरोजगारी से लड़ रहे हैं। लोकसभा सदस्य ने बड़गाम जिले के मागम में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, जम्मू-कश्मीर में मादक पदार्थों का इस्तेमाल बड़े स्तर पर हो रहा है। यह हम सभी के लिए चिंता का विषय होना चाहिये। ऐसी घटनाओं को रोकने की दिशा में पहला कदम हम सभी के चिंतन से शुरू होता है।

## टीएमसी ने विपक्षी उम्मीदवारों को गुलाब और पानी की बोतलें की भेंट

बंगाल पंचायत चुनाव की तैयारी जोरों पर है और हर दिन एक हजार से अधिक नामांकन दाखिल किए जा रहे हैं। विपक्ष ने दावा किया कि इतिहास के अनुसार, राज्य के कई हिस्सों में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) द्वारा कथित तौर पर छिटपुट हिंसा की खबरें भी आई हैं। चूंकि पार्टियां 70,000 से अधिक सीटों पर त्रिस्तरीय मॉडल में एक रोमांचक मुकाबले के लिए तैयार हैं, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने सलानपुर में भाजपा और सीपीआई (एम) नेताओं को गुलाब और पानी की बोतलें भेंट कर विपक्षी दलों को गर्माहट दी।

टीएमसी प्रत्याशियों ने भी शांतिपूर्ण चुनाव के लिए एक मिसाल कायम करने के लिए चाय और बिस्कुट के साथ अपने

### बंगाल पंचायत चुनावःदादागिरी से गांधीगिरी



विरोधियों का स्वागत किया। टीएमसी ब्लॉक के उपाध्यक्ष भोला सिंह ने कहा कि इस ब्लॉक में कोई परेशानी या संघर्ष नहीं है। हम सभी शांतिपूर्ण चुनाव चाहते हैं। इसलिए यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है कि हर कोई शांतिपूर्ण तरीके से नामांकन दाखिल कर सके। हर जगह हम हिंसा के उदाहरण देख रहे हैं। आरोप हैं कि टीएमसी नेता विपक्ष को नामांकन दाखिल करने से रोक रहे हैं, लेकिन यहां ऐसा नहीं है। हम एक सौहार्दपूर्ण समझ साझा करते हैं।

सिंह ने कहा कि अपने प्रखंड अध्यक्ष की देखरेख में हमने हमेशा विकास को बढ़ावा दिया है। हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि सभी को समान लाभ मिले। निष्पक्ष लड़ाई के लिए सभी विपक्षियों का स्वागत करने का यह हमारा तरीका है। हम जनता के लिए संचयी विकास चाहते हैं।

## मां की हत्या कर लाश को सूटकेस में भरकर पुलिस स्टेशन पहुंची महिला

कर्नाटकः बेंगलुरु में हत्या का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। एक 39 वर्षीय महिला ने कथित तौर पर अपनी



मां की हत्या कर दी और फिर बुजुर्ग महिला का शव सूटकेस में भरकर थाने पहुंच गई। एमआईसीओ लेआउट पुलिस के मुताबिक, बिलेकहल्ली इलाके में एक अपार्टमेंट में रहने वाली सेनाली सेन नाम की आरोपी ने गुस्से में आकर अपनी 70 वर्षीय मां बीवा पॉल की हत्या कर दी।

हत्या के बाद आरोपी बेटी अपनी मां के शव को सूटकेस में भरकर थाने पहुंची। वहां उसने जुर्म कबूल कर लिया। माइको लेआउट पुलिस ने कहा, 'शव को कल पुलिस स्टेशन लाया गया और बेटी सेनाली सेन (39) के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।' प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सेनाली का अपनी मां से अक्सर झगड़ा होता रहता था। इस बार लड़ाई के दौरान उसकी मां ने नींद की गोलियां खाकर आत्महत्या करने की धमकी दी तो गुस्से में आकर सोनाली ने नींद की 20 गोलियां मां को खिला दीं। कुछ देर बाद जब उसकी मां पेट में

### 20 नींद की गोली खिलाकर गला दबाया, क्यों?

दर्द के कारण चिल्लाने लगी तो सेनाली ने गुस्से में आकर मां का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। सेनाली को गिरफ्तार कर लिया गया है, पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है। बेंगलुरु में वर्षीय फिजियोथेरेपिस्ट ने अपनी मां की हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि महिला ने अपनी मां की हत्या करने की बात कबूल की क्योंकि उसके साथ नियमित बहस होती थी। आरोपी, जो पश्चिम बंगाल से है और बेंगलुरु के एक फ्लैट में रहती है, को मीको लेआउट क्षेत्र में पुलिस स्टेशन में शरीर से भरे सूटकेस लाने के बाद गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी शादीशुदा था और अपराध के समय उसका पति घर पर नहीं था। उन्होंने बताया कि महिला की सास घर में मौजूद थी लेकिन वह इस बात से अनजान थी क्योंकि हत्या कमरे के अंदर हुई थी।

### स्मृति ईरानी का दावा, पिछली सरकार के मुकाबले मोदी सरकार ने 58 प्रतिशत ज्यादा नौकरियां दीं

लखनऊ। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास और अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने मंगलवार को दावा किया कि पिछली सरकार के मुकाबले नरेंद्र मोदी सरकार ने 58 प्रतिशत ज्यादा युवाओं को नौकरियां दी हैं। ईरानी ने लखनऊ में आयोजित रोजगार मेले को संबोधित करते कहा कि पिछली सरकार की तुलना में मोदी सरकार ने युवाओं को 58 प्रतिशत ज्यादा नौकरियां दी हैं। अबतक आठ लाख 80 हजार से ज्यादा युवाओं को नौकरी मिली है।

## संजय राउत ने अदालत में भाजपा नेता किरीट सोमैया के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर कराया

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने कथित रूप से अपमानजनक ट्वीट पोस्ट करने को लेकर मुंबई की एक अदालत में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता किरीट सोमैया के खिलाफ सोमवार को मानहानि का मुकदमा दायर कराया। उपनगर मुलुंड में एक मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष वकील सुदीप सिंह के माध्यम से दायर शिकायत में, राज्यसभा सदस्य ने अदालत से



सोमैया के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 500 (मानहानि की सजा) के तहत दंडनीय अपराध का संज्ञान लेने का आग्रह किया। शिकायत में कहा गया है, "वर्ष 2022 से, मैंने देखा कि आरोपी ने अपने ट्विटर अकाउंट पर मेरे खिलाफ मानहानिकारक बयानों के साथ कुछ ट्वीट किए, जो पूरी तरह से अनुचित बयान हैं।" राउत ने कहा कि वह भाजपा नेता के इन बयानों से "हैरान" हैं। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में अदालत इस मामले में सुनवाई करेगी।

## भोपाल में छह मंजिला सरकारी इमारत में लगी आग बुझाई गई, कोई हताहत नहीं

भोपाल। भोपाल के सतपुड़ा भवन में सोमवार को लगी भीषण आग पर काबू पा लिया गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस छह मंजिला इमारत में मध्य प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों के कार्यालय हैं। अधिकारी ने बताया कि आग से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है क्योंकि आग फैलने से पहले लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया था। अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) डॉ राजेश राजोरा ने इमारत का निरीक्षण करने के बाद 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'आग पर काबू पा लिया गया है। छठी मंजिल से अब भी धुआं निकल रहा है और दमकल कर्मियों को इस पर पूरी तरह काबू पाने में करीब दो घंटे लगेंगे।" आग लगने के कारणों की जांच के लिए बनाई गई समिति मंगलवार दोपहर एक बजे से अपना काम शुरू करेगी। भोपाल के कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया, "आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। हमारी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करने की थी कि मानव जीवन को कोई नुकसान न हो और आग आस-पास के इलाकों में न फैले। हम इसमें पूरी तरह से सफल रहे हैं।

## 'राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मध्य प्रदेश में चुनाव लड़ेगी बसपा'

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि हमारी पार्टी राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मध्य प्रदेश में चुनाव लड़ेगी। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में बसपा लगातार चुनाव लड़ती रही है। इन चारों ही राज्यों में इस साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। यही कारण है कि बसपा ने अभी से ही अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। कभी राष्ट्रीय पार्टी रही बसपा के लिए हाल के वर्ष अच्छे नहीं रहे हैं। उत्तर प्रदेश में भी पार्टी के पास सिर्फ एक विधायक है।



### मायावती का बड़ा ऐलान

बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मध्य प्रदेश में हम दलितों, आदिवासियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों का हर स्तर पर हो रहे शोषण, गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई जैसे मुद्दों पर हम आने वाले विधानसभा चुनावों में चुनाव लड़ेगी। मायावती ने कहा कि इन राज्यों में हर स्तर पर दलितों, आदिवासियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों का शोषण हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम पूरी तैयारी के साथ चुनाव में उतरेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इन राज्यों की जनता को जागरूक बनाने और चुनावी तैयारी के लिए आकाश आनंद और राज्यसभा सांसद रामजी गौतम को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई हैं।

इससे पहले मायावती ने ट्वीट कर कहा था कि राजस्थान में विधानसभा आमचुनाव के नजदीक अब वहाँ की कांग्रेस सरकार द्वारा 500 रूपए में रसोई गैस व 100 यूनिट फ्री बिजली देने आदि की घोषणा स्पष्टतः चुनावी छलावा नहीं तब और क्या? जबकि बढ़ती महंगाई के मद्देनजर इनको ये कार्य सरकार बनने के प्रारंभ में पाँच साल पहले कर देना चाहिए था। उन्होंने कहा था कि राजस्थान की तरह ही जनहित व जनकल्याण कार्यों में विफल रही छत्तीसगढ़ की कांग्रेस, मध्य प्रदेश की भाजपा व तेलंगाना की बीआरएस सरकार विधानसभा चुनाव के नजदीक अपनी सरकार को बचाने हेतु अनेकों प्रलोभनों व भ्रामक विज्ञापनों आदि के छलावे का सहारा ले रही हैं जबकि जनता इनसे ऊब चुकी है।



# पुलिस ने उमेश पाल हत्याकांड में अब अली और उमर को भी लपेटा, जेल से थे साज़िश में शामिल

**आधुनिक समाचार सेवा**

प्रयागराज। उमेश पाल व दो सुरक्षाकर्मियों के हत्याकांड में पुलिस लगातार छानबीन में जुटी हुई है। पुलिस को विवेचना में कुछ अहम सुराग मिले हैं, जिसके आधार पर यह पुष्टि होती है कि इस हत्याकांड में अतीक के जेल में बंद दोनों बेटों अली और उमर के भी नाम भी शामिल हैं। दोनों ने जेल में रहते हुए उमेश पाल हत्याकांड में साजिश रची थी। इस आधार पर उमेश पाल हत्याकांड की केस डायरी में इन दोनों के नाम जोड़े गए हैं। पुलिस अभी कई बिंदुओं पर छानबीन करने में जुटी हुई है। जल्द ही इनका भी रिमांड बनवाया जाएगा।

अतीक का बड़ा बेटा उमर लखनऊ जेल में तो दूसरा बेटा अली प्रयागराज के नैनी जेल में बंद है। पुलिस सूत्रों की मानें तो दोनों ने उमेश हत्याकांड में सिर्फ विधिवत प्लानिंग की थी। दोनों भले ही जेल में बंद रहे लेकिन दोनों को शूटरों की प्रत्येक गतिविधियों पर नजर थी। दरअसल,उमेश पाल हत्याकांड में जो रिपोर्ट दर्ज हुई थी उसमें माफिया अतीक अहमद, उसके भाई अशरफ, अतीक की पत्नी शाइस्ता




परवीन, बमबाज गुड्डू मुस्लिम, असद, गुलाम के अलावा अन्य नाम शामिल थे। अब अली और उमर के नाम इस केस डायरी में आने के बाद जल्द ही उनका रिमांड बनवाने के लिए अर्जी दी सकती है।

## मनकामेश्वर मंदिर में ड्रेस कोड लागू: छोटे कपड़े, जेवर पहनने वालों को नो इंट्री, शालीन रहने की नसीहत

**आधुनिक समाचार सेवा**

प्रयागराजः देशभर के मंदिरों में शुरू हुआ ड्रेस कोड लागू करने का ट्रेंड अब प्रयागराज भी पहुंच गया है। यहाँ मनकामेश्वर मंदिर में पहुंचने वाली महिलाओं के लिए गाइड लाइन तय की गयी है। श्रद्धालुओं को इसकी जानकारी के लिए मंदिर प्रबंधन की ओर से द्वार पर ही होर्डिंग लगवा दिया गया है। प्रबंधन ने महिलाओं व युवतियों को छोटे और भड़कीले कपड़े पहन कर मंदिर में प्रवेश करने से माना किया है। इसके साथ ही कहा गया है की छोटे कपड़े पहनने पर उन्हें प्रवेश नही दिया जाएगा। इसके बाद महिलाओं को कहा गया है की वह पूरा तन ढक कर शालीन कपड़ों में मंदिरों में प्रवेश करें। मंदिर में क़ानून व्यवस्था को देखते हुए महिलाओं से ज़्?यादा जेवर पहन कर मंदिर आने से माना किया गया है। इन्हें कहा गया है की 'इससे छिनैती' का ड़र होता है। इसके साथ सेल्?फी लेने पर भी पाबंदी लगायी गयी है। शालीनता वाला नियम पुरुषों पर भी लागू किया गया है। मंदिरों के इस कदम का संत समाज ने स्वागत किया है।

# मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को किया गया जागरूक

प्रयागराज। तहसील फूलपुर थाना थरवई क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा हसनपुर कोरारी मौजा बैजपुर में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को नारी सुरक्षा नारी



सम्मान नारी स्वालंबन पर विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया ग्राम पंचायत सचिव शशि यादव ने उपस्थित समूह की महिलाओं व अन्य महिलाओं को महिला हेल्प डेस्क टोल फ्री नंबर महिला हेल्पलाइन 181 चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 वूमेन पावर हेल्पलाइन 1090 आपातकालीन पुलिस सेवा 112 साइबर अपराध 1930 एंबुलेंस सेवा 108 के बारे में जानकारी दी उक्त समय एसआई बृजेश यादव ने उपस्थित महिलाओं को जानकारी देते हुए कहा कि मिशन शक्ति अभियान के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने उत्तर प्रदेश पुलिस फोर्स में 20इ सीट महिलाओं के लिए आरक्षित कर दी है जिसमें राज्य की बेटियों को भर्ती किया जाएगा इस अभियान के साथ विभिन्न विभागों को जोड़ा गया है इसके लिए 24 विभाग का चयन हुआ है जो सरकारी स्थानीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक साथ काम करेंगे इस अभियान के तहत पुलिस यहां वहां घूमने वाले मनचलों को पकड़ेगी और उन्हें सजा देगी। मौके पर एसआई अमित चौबे कांस्टेबल कमलेश्वर यादव कांस्टेबल सुरेश कुशवाहा कांस्टेबल नूतन यादव वीरेंद्र कुमार महिला कांस्टेबल मीना कुमारी वंदना यादव ग्राम प्रधान प्रेमचंद भारतीय पूर्व प्रधान गुलाब विश्वकर्मा ग्राम संगठन अध्यक्ष ज्ञानती देवी संगीता पटेल ललिता बिंदो शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## गैर इरादतन हत्या के अभियोग से संबंधित 1 वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार

प्रतापगढ।थानाक्षेत्र बाघराय के ग्राम गौरा में दो पक्षों में नाली को लेकर मारपीट में एक व्यक्ति को चोट आयी थी। जिसे इलाज हेतु अस्पताल ले जाया गया था जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बाघराय में मु0अ0सं0 77/2023 धारा 323, 504, 506, 304 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था।उक्त अभियोग के विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ सतपाल अंतिल द्वारा टीमें गठित कर संबंधित को कड़े निर्देश दिये गये थे। इसी क्रम में आज दिनांक 13.06.2023 को थाना बाघराय के उ0नि0 जगदीश प्रसाद वर्मा मय हमराह महिला आरक्षी कु0 शोभा द्वारा मुखबिर की सूचना पर तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान अभियोग उपरोक्त से संबंधित अभियुक्ता संगीता पत्नी बाबूलाल सरोज नि0ग्राम गौरा थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र के हीरागंज मोड़ बिहार के पास से गिरफ्तार किया गया।

## एस डी एम ने वकीलों से मांगा 10 दिन का समय

**आधुनिक समाचार सेवा**

फूलपुर। अधिवक्ता संघर्ष समिति द्वारा निरंतर एक तहसील कर्मी प्रेम शुक्ला के विरुद्ध चलाए जा रहे धरना प्रदर्शन को संज्ञान में लेते हुए मामले के निपटारे हेतु एसडीएम फूलपुर ने वकीलों से 10 दिन का समय मांगा है। इस बीच उसे अन्यत्र कहीं भेजा जाएगा। इस पर धरना रत अधिवक्ताओं ने उनकी बात मानकर मंगलवार से धरना



प्रदर्शन समाप्त कर दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता शमीम अहमद सिद्दीकी ने कहा कि यदि इन 10 दिनों में हमारी मांगे पूरी ना हुई तो परिणाम भयंकर हो सकते हैं। मौके पर चंद्रभान यादव, सौरभ यादव, अनिल कुमार, अखिलेश यादव, दिनेश सरोज, श्याम बाबू यादव, रामविलास पटेल, धर्मराज यादव, विजय यादव, राजेंद्र प्रसाद, नदीम जैदी, मोहम्मद इजहार, नौशाद अहमद, मोहम्मद शारिब आदि मौके पर मौजूद रहे।

## धोबी समाज को जागरूक किया गया

**आधुनिक समाचार सेवा**

प्रयागराज।बिनवा,सरायवंशी,एवं उतराव,सैदाबाद में घर घर जाकर धोबी समाज के बारे में लोगों को



जागरूक किया गया एवं होने वाले जिला रजक सुधार सभा चुनाव प्रयागराज के अनन्त कुमार चौधरी ने सम्बन्ध में घर घर जाकर चुनाव की चर्चा करके सबकी सदस्यता रसीद काटी गई और सैकड़ों को लोगों को जोड़ा गया.साथ में आशीष कनौजिया, माताम्बर कनौजिया, अनन्त चौधरी, प्रवीन निर्मल,रतन कनौजिया, अजय कनौजिया, आलोक कनौजिया, मुन्नु लाल कनौजिया, रामधनी कनौजिया, श्याम सुन्दर आदि लोग उपस्थित रहे।

# व्यापार मंडल में जुझारू कर्मठ सामाजिक लोगों को जोड़ने का लक्ष्य...अनूप वर्मा

**आधुनिक समाचार सेवा**

प्रयागराज।जिला/महानगर उद्योग व्यापार मंडल संबद् उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नवनियुक्त गंगा पार प्रभारी सुरेंद्र जयसवाल (बबलू) एवं जिला उपाध्यक्ष विशाल वर्मा रिंकू प्रयागराज जिला/महा नगर उद्योग व्यापार मंडल के हर संघर्ष मे संगठन का नेतृत्व करेंगे, प्रयागराज जिला/महानगर उद्योग व्यापार मंडल ने आम बहुमत से लिया गया निर्णय संरक्षक/नगर अध्यक्ष राजीव कृष्ण श्रीवास्तव बंटी भैया जिला अध्यक्ष अनूप वर्मा मुख्य सलाहकार कुलदीप पांडे,वरिष्ठ महामंत्री निखिल पांडेय,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक केसरवानी, कोषाध्यक्ष राजेश केसरवानी, युवा अध्यक्ष गौरव करवरिया महामंत्री अंकित गुप्ता, कोषाध्यक्ष जसप्रीत सिंह राजा, मंत्री सैफी खान, सलाहकार



सुरेंद्र जायसवाल(बबलू) विशाल वर्मा (रिंकू)

चरणजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष विनय जी सोनी,सलमान अहमद, सेठ जमाल खान,धर्मेंद्रश्रीवास्तव, तरुण प्रताप सिंह,ओम प्रकाश गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल मुनीमजी,महिला जिलाध्यक्ष जूही जायसवाल, महामंत्री अर्चना केसरवानी, कोषाध्यक्ष रेनू जयसवाल, अवनीश शुक्ला,प्रशांत शर्मा, विवेक खन्ना,अरशद बालू, रवि सेठ,नीरज साहू,विक्की जौहरी,विशाल पाठक,सोनू भरद्वाज,विकास केशरवानी, हाजी मोहम्मद कयूम साहब, संजय रस्तोगी, आदि लोगों ने बधाई देते हुए कहा कोर कमेटी का निर्णय स्वागत योग्य है संगठन शीर्ष की ओर अग्रसित है।

## लापरवाही 2 वर्ष पूर्व हुए सड़क के ठेके का कार्य नहीं हुआ

**आधुनिक समाचार सेवा**

फूलपुर। भाजपा सरकार जहां मुख्य मार्गों तथा संपर्क मार्गों एवं ग्रामीण क्षेत्रों की छोटे-मोटे मजदूरों को जोड़ने वाले रास्तों को आरसीसी करने, वर्षा ऋतु में किसानों का कष्ट हरने हेतु, कृत संकल्प है। वही जानकारी के अनुसार फूलपुर की मैलहन ग्राम सभा में आजाद नगर मोहल्ले की 558 मीटर रोड रमा देवी मंदिर से चौहान बस्ती तक का ठेका किसी वैभव सिंह द्वारा लिया गया था। 2 वर्ष पूर्व हुए ठेके पर मात्र गिट्टी फैला कर इतिश्री कर दी गई। गिट्टियां बिखर कर खेतों में फैली पड़ी हैं। ग्रामीण जय सिंह, बलराम, तेज सिंह, जीतलाल, केदार सिंह आदि ने जिला पंचायत अध्यक्ष से उक्त रोड की जांच कराने की मांग की है।

## भीषण गर्मी में फूलपुर ब्लॉक का वाटर कूलर धूल खा रहा

**आधुनिक समाचार सेवा**

फूलपुर। फूलपुर ब्लॉक मुख्यालय जहां दो दर्जन अधिकारी कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्र के प्रधानगण व बीडीसी सदस्यगण तथा सैकड़ों से अधिक फरियादी एवं ग्रामीण परिवेश में कार्यरत महिला कर्मचारी गण नित्य आते जाते हैं। वहीं पर 2 वर्ष पूर्व यहां प्रमुख रही गीता सिंह राकेश बहादुर सिंह ने इफ्को से यहां वाटर कूलर मांगकर लगवाया था। वह आज धूल चाट रहा है ना ही उसकी मरम्मत हो सकी ना ही पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था हो सकी। बीडीओ से लेकर दर्जनों ऑफिस वर्कर तथा सहायक विकास अधिकारी गण किसी का ध्यान ब्लॉक आने वाले फरियादियों की तरफ नहीं गया।



## घटना 12-13 जून 23 की मध्य रात्रि हुई, पुष्पराज सिनेमा के अंदर 40 फ़ीट से भी ज़्यादा गहरे गड्ढे में गिरी सिनेमा की 10 फ़ीट ऊँची दिवार,बस्ती वालों में डर का माहौल

**आधुनिक समाचार सेवा**

प्रयागराज। थाना शाहगंज अंतर्गत लीडर रोड पर स्टेशन के गेट नंबर 1 के सामने पुष्पराज सिनेमा के बिक जाने के बाद से उसमे मल्टी स्टोरी मॉल बनने के प्लान के चलते 40 फ़ीट से ज़्यादा गहरी खुदाई की गयी जिसकी वजह से आज रात अभी हादसा हो गया,पुष्पराज सिनेमा की गहरी खोदाई के कारण बस्ती की तरफ की 10 फ़ीट ऊँची दीवार अंदर खुदे हुए गहरे गड्ढे में गिर गयी,भारी भरकम दिवार गिरने से अंदर काम करने वाले मज़दूरों में हड़कंप मच गया और वो सब सारी मशीने छोड़कर भागे, उधर दिवार गिरने के बाद मिटटी की कटान अब बस्ती की तरफ बढ़ गयी है और बस्ती गड्ढे से 10 मीटर की दूरी पर ही है,घरों में रहने वाले घर छोड़कर बाहर निकल आये हैं उनको डर है की उनका मकान भी कहीं 40 फ़ीट से भी ज़्यादा गहरे गड्ढे में ना गिर जाए,घटना की सुचना पर पुलिस घटना स्थल पर मौजूद।



## लोहे की खिड़की काटकर जनसेवा केन्द्र के अन्दर घुसे चोर,लैपटॉप समेत कीमती सामान पर किया हाथ साफ

प्रतापगढ़।कुंडा कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत रैयापुर (बसनी का पुरवा) गांव निवासी सत्येन्द्र कुमार यादव पुत्र देवेन्द्र कुमार यादव गांव के नज़दीक ही अपने दो मंजिला पक्के मकान में रहकर राज जनसेवा



केन्द्र चलाता है।सोमवार की बीती रात अज्ञात चोरों ने बांस की सीढ़ी के सहारे पक्के मकान के पीछे ऊपरी हिस्से में लगे लोहे के जंगले को काटकर चोर मकान के अंदर घुसकर जनसेवा केन्द्र में रखे लैपटॉप,प्रिंटर एवं अन्य कीमती सामान उठा ले गए।पीड़ित जनसेवा केन्द्र संचालक सत्येन्द्र कुमार यादव(राज) ने बताया कि गर्मी की वजह से घर और जनसेवा केन्द्र में ताला लगाकर बाहर सो रहे थे।सुबह सोकर उठने पर घर के अंदर जाने पर चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित ने डायल 112 नम्बर पर फ़ोन के द्वारा पुलिस को सूचना दी।पीड़ित ने कुंडा कोतवाली में तहरीर देकर चोरों के खिलाफ़ त्वरित कानूनी कार्यवाही की मांग की है।इलाकाई पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज़ कर त्वरित जांच शुरू कर दी है।

## रक्तदान कर जान बचाने से अनजान से जुड़ जाएगा खून का रिश्ता

प्रतापगढ़। दान तो बहुत होते हैं, लेकिन जीवन दान से बढ़ा कुछ नहीं होता है। रक्तदान ही ऐसा दान है जोकि किसी की जान बचाता है और अनजान से खून का रिश्ता जोड़ता है। रक्तदान से न केवल दुआएं मिलती है, बल्कि जान बचाने पर खुद को गर्व की अनुभूति के साथ ही आत्म संतोष भी मिलता है। शरीर 24 घंटे में ही दान किए गए रक्त की पूर्ति कर लेता है, लेकिन कई बीमारियां तो हमेशा के लिए दूर हो जाती हैं।

# प्रयागराज मंडल के एडिशनल कमिश्नर की मौत,सुबह निकले थे टहलने, क़ब्रिस्तान के पास मिली लाश

**आधुंनिक समाचार सेवा**

प्रयागराज। प्रयागराज मंडल के अपर आयुक्त सुनील कुमार मिश्र मंगलवार कीडगंज स्थित कब्रिस्तान के पास मृत पाए गए। वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी की मौत की सूचना पर प्रशासनिक समेत पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। कीडगंज पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। दो डाक्टरों के पैनल ने वीडियोग्राफी के बीच उनके शव का पोस्टमार्टम किया। उनका बिसरा प्रिजर्व किया गया है। सुनील कुमार



मिश्र , 58, पुत्र ओम प्रकाश मिश्र वर्ष 2012 बैच के पीसीएस अफसर थे। तीन हफ्ते पहले ही उनकी नियुक्ति अपर आयुक्त द्वितीय प्रयागराज मंडल के पद पर हुई थी। वह परिवार के साथ मेडिकल कालेज चौराहे के पास पीडब्ल्यूडी कालोनी में मिले सरकारी आवास में रहते थे। उनकी पत्नी शीला मिश्रा की दो माह पहले बीमारी के चलते निधन हो गया था। इसके बाद से ही वह काफी अवसाद में थे। उनके निधन से परिजन का रो-रो कर बुरा हाल हो गया था।

सीधे प्रवेश
नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
15% Fee Concession
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
पहले आओ पहले पाओ
15% Fee Concession



- कम्प्यूटर हार्डवेयर
- डाटा इंट्री ऑपरेटर
- फायर सेफ्टी
- कम्प्यूटर ऑपरेटर (कोपा)
- कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग
- इलेक्ट्रीशिन
- सीएनसी प्रोग्रामिंग
- इलेक्ट्रिक मैकेनिक
- बेसिक कम्प्यूटिंग
- सीसीए
- वेल्डर
- फिटर
- रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
- सिक्योरिटी सर्विस

Apply Online: www.nainiiti.com
प्रवेश हेल्पलाइन नं.:
8081180306,9415608710,8103021873
एमटेक कैम्पस, 'बी' ब्लाक, ए.डी.ए. कालोनी (पुलिस चौकी के पीछे), नैनी, प्रयागराज।
C-41 औद्योगिक थाने के पीछे औद्योगिक क्षेत्र UPSIDC नैनी, प्रयागराज।

# पूर्वोत्तर रेलवे सुरक्षा बल ने विभिन्न मामले मे चेकिंग अभियान चलाकर रेल सम्पत्ति संग चोरो को दबोचा

**आधुनिक समाचार सेवा**

वाराणसी।रेलवे सुरक्षा बल पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है।इसी क्रम में 11 जून, 2023 को रेलवे सुरक्षा बल, गाजीपुर सिटी द्वारा निगरानी के दौरान गाजीपुर सिटी स्टेशन से एक व्यक्ति को चोरी कर रेल सम्पत्ति ले जाते हुए गिरफ्तार कर मामला पंजीकृत किया गया।11 जून, 2023 को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, वाराणसी से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, आजमगढ़ द्वारा गाड़ी संख्या- 19489 से यात्री का छूटा दो बैग एवं सामान बरामद किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर बैग एवं सामान को उसे सुपुर्द किया गया।10 जून, 2023 को रेलवे सुरक्षा बल बनारस एवं मुख्यालय सतर्कता टीम द्वारा संयुक्त रूप से मुखबिर से प्राप्त सूचना पर ज्ञानपुर रोड ,पटेल नगर से आरक्षित टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त एक व्यक्ति को 16 आरक्षित टिकटों के साथ गिरफ्तार किया गया।10 जून, 2023 को रेलवे सुरक्षा बल, छपरा को प्लेटफार्म संख्या-02 पर 15, 14 एवं 11 वर्षीय तीन लड़के लावारिस हालत में मिले। पूछताछ के उपरान्त सभी लड़कों को चाइल्ड लाइन, छपरा को सुपुर्द किया गया।

10 जून, 2023 को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, वाराणसी से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल,



मऊ द्वारा गाड़ी संख्या- 15084 से महिला यात्री का छूटा एक पर्स बरामद किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर पर्स को उसे सुपुर्द किया गया। 09 जून, 2023 को अपराध आसूचना शाखा, गोरखपुर एवं रेलवे सुरक्षा बल, सीवान द्वारा संयुक्त निगरानी के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना पर सीवान रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया से एक व्यक्ति को फर्जी नाम से रेल आरक्षित टिकट बनाने के अवैध कारोबार में संलिप्त पाकर 02 आरक्षित ई-टिकटों के साथ गिरफ्तार किया गया। 09 जून, 2023 को अपराध आसूचना शाखा, वाराणसी एवं रेलवे सुरक्षा बल, गाजीपुर द्वारा संयुक्त निगरानी के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना पर गाजीपुर रेलवे स्टेशन के आरक्षण केन्द्र से अवैध आरक्षित टिकटों के कारोबार में संलिप्त एक व्यक्ति को 01 आरक्षित टिकट के साथ गिरफ्तार किया गया। 09 जून, 2023 को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, वाराणसी से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, बनारस को गाड़ी संख्या-15120 में 11 वर्ष की एक लड़की लावारिस हालत में मिली। पूछताछ के उपरान्त लड़की को चाइल्ड लाइन,बनारस को सुपुर्द किया गया। । । 09 जून 2023 को स्टेशन अधीक्षक मऊ द्वारा यात्री से प्रसव पीड़ितमहिला यात्री होने की प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल एवं चिकित्सा दल द्वारा गाड़ी संख्या-12165 को अटेंड कर महिला यात्री को सुरक्षित प्रसव कराया गया तथा जच्चा-बच्चा को एम्बुलेंस की मदद से जिला चिकिक्सालय, मऊ भर्ती कराया गया। 08 जून, 2023 को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, वाराणसी से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, सीवान द्वारा गाड़ी संख्या- 15904 से यात्री का छूटा एक मोबाइल बरामद किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर मोबाइल को उसे सुपुर्द किया गया। 09 जून, 2023 को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष वाराणसी से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, छपरा द्वारा गाड़ी संख्या-14673 एवं 14008 से यात्री का छूटा एक-एक बैग बरामद किया गया। यात्रियों के उपस्थित होने पर बैग को उन्हें सुपुर्द किया गया। इस आशय की जानकारी अशोक कुमार जनसम्पर्क अधिकारी वाराणसी ने मीडिया को दी।

## निजामाबाद तहसील में कार्यरत फौजदारी बाबू चन्द्रेश यादव को पैसा लेते वीडियो वायरल

आजमगढ़।जिले के निजामाबाद तहसील में कार्यरत फौजदारी बाबू चन्द्रेश यादव को पैसा लेते वीडियो वायरल हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निजामाबाद तहसील में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। विगत सप्ताह अधिवक्ताओं ने भ्रष्टाचार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एक सप्ताह तक कार्य बहिष्कार भी किया था।इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। हरैय्या के रहने वाले इन्द्रजीत यादव ने फौजदारी बाबू पर रिश्वत लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि फौजदारी बाबू विगत 10 वर्षों से तैनात हैं और प्रत्येक टेबल पर आदमी बैठाया गया है जो वसूली करता है।यह पैसा मामले के रिकाल कराने को लेकर लिया गया है। बाबू धमकी भी देता है कि यदि पैसा नहीं दोगे तो पुलिस से पकड़वा भी देंगे। भ्रष्टाचारी बाबू का कहना है कि यह पैसा ऊपर तक जाता है। निजामाबाद तहसील में विजय चन्द्र मौर्या एसडीएम के पद पर तैनात हैं। स्थानीय लोगों ने एसडीएम पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं।निजामाबाद तहसील प्रकरण में घूस लेने के मामले पर जिले के एडीएम प्रशासन अनिल कुमार मिश्रा का कहना है कि आपके माध्यम से यह प्रकरण सामने आया है। इस प्रकरण की जांच कराई जाएगी। इस मामले में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अंतरराष्ट्रीय टेक्नोलॉजी से बन रही सड़क फ्लाफ- पच्चासों लाख का सीमेंट धूल-धुआ बनकर उड़ा 10गांव में फैला प्रदूषण-जीना दूभर

बरसठी/जौनपुर। बारी गांव कोहणा से मीरगंज जरौना जाने वाली सड़क जो अंतरराष्ट्रीय टेक्नोलॉजी से प्रेशर दबाकर बनाई जा रही है वह पूरी तरह गुणवत्ता विहीन फ्लॉप साबित हो गई है इस सड़क की लम्बाई 5.800किमी है इसकी लागत 555.64लाख है समाजसेवी जज सिंह अन्ना सहित समस्त क्षेत्रवासियों ने इस सड़क का भारी विरोध किया है सड़क की गुणाई करके कांटेदार रोलर से दवाई जाती है इसके बाद सड़क पर आधा इंची मोटा सीमेंट फेंका जाता है इसके बाद मिट्टी का फुहारा सीमेंट के ऊपर डाला जाता है फिर पानी का प्रेशर दे करके मिट्टी को प्रेशर रोलर से दबा दिया जाता है इसके बाद चटाई दार बोरा विछा करके पानी का एक-दो दिन छिड़काव किया जाता है अब जैसे ही इस पर वाहन चलना शुरू हुआ सीमेंट और मिट्टी प्रेशर से चिपका हुआ वाहन की चपेट में आता है तो वह धूल और धुआं बनकर उड़ रहा है जिससे



10 गांव बारीगांव कोहणा, घाटमपुर,दाउदपुर, मानिकपुर, सराय बैद्य का क्षेत्र पूरी तरह प्रदूषण से भर गया है लोगों को सांस लेना कठिन हो गया है सब के मुंह में सीमेंट नाको में पहुंच रहा है वाहन चलते समय मोटरसाइकिल का एक्सीडेंट हो रहा है क्योंकि इतना ज्यादा आधी भरी धूल सड़क पर देखी जा रही है कि मानव जीना ही दूभर हो गया है लेकिन जिलाधिकारी जौनपुर और उत्तर प्रदेश सरकार का सड़क विभाग इस कार्य को संज्ञान में नहीं ले रहा है और क्षेत्रवासी परेशान है अतः माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार से आग्रह है कि इस टेक्नोलॉजी को बंद कर दिया जाए ठेकेदार अधिकारी को दंडित किया जाए और पीडब्ल्यूडी वाली ही सड़क बनाई जाए ।

## सड़क किनारे खाई में मिला वृद्ध का शव ग्रामीणों ने की शिनाख्त

आजमगढ़। जिले के पवई थाना क्षेत्र के जोगी बांध के पास मंगलवार सुबह सड़क किनारे खाई में एक वृद्ध का शव ग्रामीणों ने देखा। शिनाख्त खैरूद्दीनपुर गांव निवासी लालजी यादव (60) के तौर पर हुई। लालजी बीती रात घर से डीजल लेने के लिए निकले थे और लापता हो गए थे। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने शव देखा तो सूचना परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजन शव लेकर घर चले गए और पुलिस को सूचना दिए बगैर ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पवई थाना के खैरूद्दीनपुर गांव निवासी लालजी यादव (60) सोमवार देर शाम घर से डीजल लेने के लिए साइकिल से निकले थे। रास्ते में जोगी बांध के पास अज्ञात वाहन से साइकिल में टक्कर हो गई। जिसके बाद वे सड़क किनारे ही खाई में चले गए। वहीं देर रात तक जब वह घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने अपने स्तर से तलाश की।घंटों की खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चला। मंगलवार सुबह ग्रामीण शौच के लिए गए तो खाई में लाल जी यादव को मृत हाल में देखा। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए।परिजन शव लेकर घर चले आए और पुलिस को सूचना दिए बगैर ही शव का अंतिम संस्कार भी कर दिया। लालजी यादव तीन पुत्री व एक पुत्र के पिता थे। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। आजमगढ़13जून जिले की श्ङ्गर्श्ं कोर्ट में माफिया मुख्तार अंसारी की मंगलवार को वर्चुअल पेशी होनी थी। इस दौरान गवाहों की भी गवाही होनी थी लेकिन आजमगढ़ कोर्ट के एक वकील की मौत हो जाने के बाद कंडोलेंस हो गया। जिस कारण अब यह पेशी 16 जून को होगी। मुख्तार अंसारी अभी बांदा जेल में बंद है। वहीं 14 साल पुराने केस में भी आज गाजीपुर की श्ङ्गर्श्ं कोर्ट फैसला सुनाएगी। गाजीपुर में 14 साल पहले 2009 में कपिल देव सिंह और मीर हसन हत्याकांड के मामले में मुख्तार के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का केस दर्ज किया गया था।

# लंभुआ निवासी विकास तिवारी को आम आदमी पार्टी सोशल मीडिया को-इंचार्ज की मिली बड़ी जिम्मेदारी

### विकास तिवारी बने प्रदेश सोशल मीडिया को-इंचार्ज,सोशल मीडिया पर पार्टी को मजबूत बनाने पर रहेगा हमारा फोकस

**आधुनिक समाचार सेवा**

सुलतानपुर।उत्तर प्रदेश आम आदमी पार्टी ने रविवार को अपनी नई सोशल मीडिया टीम का एलान कर दिया है। यूपी प्रभारी संजय सिंह के अनुमोदन के बाद पार्टी में लंबे समय से काम कर रहे लंभुआ निवासी विकास तिवारी को प्रदेश सोशल मीडिया को-इंचार्ज बनाया गया है, यूपी प्रभारी संजय सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह, दिनेश सिंह पटेल, बौद्ध प्रांत अध्यक्ष इमरान लतीफ, पूर्व जिलाध्यक्ष महमूद खान, पूर्व जिला महासचिव राम विलास तिवारी सहित कई पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर कर बधाई दी।

विकास तिवारी अरविंद केजरीवाल के योद्धाओं में शुमार हैं जो पार्टी के शुरुआती दौर से साथ हैं। बहुत कम उम्र में ही जब दसवीं कक्षा में थे तब से लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। शुरुआती दौर में दिल्ली सोशल मीडिया टीम में काम करते हुए उन्होंने अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। यूपी



में संगठन विस्तार के बाद 2020 में पार्टी ने इन्हें यूपी सोशल मीडिया का प्रदेश कोऑर्डिनेटर बनाया। सुल्तानपुर जनपद की लंभुआ तहसील के रामगढ़ के रहने वाले हैं। ग्रेटर नोएडा के आईआईएमटी ग्रुप ऑफ़ कॉलेज से इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की।

प्रदेश सोशल मीडिया को-इंचार्ज विकास तिवारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर पार्टी को मजबूत बनाने पर हमारा फोकस है सोशल मीडिया के जरिये ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पार्टी के नीतियाँ और कामों को पहुंचाना है इसके साथ ही भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को प्रत्येक मोबाईल तक पहुंचाने का काम करेंगे. पार्टी के तमाम कार्यकर्त्ता ऐसे है जो सोशल मीडिया टीम से जुड़ना चाहते हैं उन्हें प्रशिक्षण देकर टीम से जोड़ा जायेगा. सभी जिलों में जल्द सोशल मीडिया प्रभारियों की घोषणा की जायेगी और जुलाई तक संगठन के 10 हजार से अधिक व्हाट्सएप ग्रुप बनाये जायेंगे जिनके जरिये पार्टी के विडियो,पोस्टर और केजरीवाल सरकार के कामों को पहुँचाया जायेगा।

# एक बार फिर से देश में मोदी सरकार लाएं : अनूप गुप्ता

**आधुनिक समाचार सेवा**

सीतापुर। देश में लंबे समय से अन्य पार्टियों के द्वारा ठगी जाने वाली जनता का भाजपा की सरकारों पर विश्वास बढ़ा है। केंद्र की नरेंद्र मोदी व प्रदेश की योगी सरकार के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। देश की जनता मोदी व योगी के साथ है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व एमएलसी अनूप गुप्ता ने सीतापुर में कही।

लखीमपुर से लखनऊ जाते समय रास्ते में नैपालापुर के निकट खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा व खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू के नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत किया गया। शहर के एक गेस्ट हाउस में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए एमएलसी अनूप गुप्ता ने कहा कि चाहे केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार हो या प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार हो। दोनों ही सरकारों ने देश की आम जनता के जीवन स्तर में उत्थान के लिए तमाम योजनाएं बनाई और उन्हे मूर्त रूप दिया। बेघर गरीबों को पक्के



आवास दिए गए। स्वच्छता के तहत हर घर शौंचालय की सुविधा दी गई। कोरोना काल से लेकर अब तक गरीब कार्ड धारकों को फ्री राशन दिया जा रहा है। पेयजल व्यवस्था भी दुरुस्त की। समाज में अंतिम पायदान तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया। बगैर किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ आम जनमानस को दिया। यही वजह है कि सबका साथ, सबका विकास करके भाजपा ने सबका विश्वास जीता है। उन्होने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों में अभी से ही जुट जाएं। लखीमपुर से आते समय सीतापुर नगर की सीमा पर खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा,व भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री के नेतृत्व में एमएलसी अनूप गुप्ता का जोरदार स्वागत किया गया। एमएलसी अनूप गुप्ता ने नैपालापुर चैराहे पर स्थिति सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर उन्होने कई पुराने कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की। एमएलसी के आगमन पर पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश त्रिपाठी, अनिल विश्वकर्मा, ईशू मेहरोत्रा, रानू गुप्ता, विवेक विश्वकर्मा, अंकित गुप्ता, गौरव अग्रवाल, संदीप मिश्रा, अमन विक्रम सिंह, कामेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## रोहित सिंह बने डीसीडीएफ के नए चैयरमैन

**आधुनिक समाचार सेवा**

सीतापुर।डीसीडीएफ चेयरमैन पद पर दूसरी बार भी बीजेपी ने अपना परचम लहराया हैं। इस पद पर बीजेपी जिला महामंत्री रोहित सिंह निर्विरोध डीसीडीएफ के चैयरमैन चुने गए है। रोहित सिंह को चेयरमैन चुने जाने पर बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं में मिठाई बांटकर खुशियां मनाई है और फूल माला पहनाकर चेयरमैन का अभिवादन किया है। गौरतलब है कि इससे पहले भी सत्य प्रकाश मिश्रा डीसीडीएफ के चैयरमैन 1 वोट से जीतकर चैयरमैन चुने गए थे लेकिन इस बार बीजेपी जिलामहामंत्री रोहित सिंह निर्विरोध चेयरमैन चुने गए है।इस दौरान बीजेपी सांसद राजेश वर्मा,बीजेपी जिलाउपाध्यक्ष/सांसद रेखा अरुण वर्मा, सांसद मिश्रिख़ अशोक रावत, सांसद कौशल किशोर, एमएलसी पवन सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर, जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, जिला मीडिया प्रभारी पवन सिंह शिल्पी, जिला उपाध्यक्ष नैमिष रत्न तिवारी, निर्मल वर्मा विधायक बिसवां, विधायक सेउता ज्ञान तिवारी, आशा मौर्या महमूदाबाद विधायक, पूर्व विधायक सुनील वर्मा, नगर विकास मंत्री राकेश राठौर गुरु, कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, महोली विधायक शशांक त्रिवेदी, मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, सिधौली विधायक, मनीष रावत,जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर, भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, जया सिंह सहित सभी बीजेपी नेताओं और पदाधिकारियों ने बधाइयों देकर शुभकामनाएं दी है।



# किसानों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के विरुद्ध भरी हुंकार

**आधुनिक समाचार सेवा**

नोएडा।किसान सभा की अगुवाई में किसान महापड़ाव के 50 वे दिन बहुत बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर धरना स्थल पर पहुंचे और प्राधिकरण के विरुद्ध जोरदार तरीका से प्रदर्शन किया।

आज के धरने की अध्यक्षता जगदीश नंबरदार ने व संचालन टीकम नागर ने किया।

किसानों के धरने को समर्थन देने के लिए आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह किसान नेता पूनम पंडित, सीटू की राष्ट्रीय सचिव ए आर सिंधु, किसान सभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष व पूर्व विधायक कृष्णा प्रसाद, समाजवादी पार्टी के जिले के वरिष्ठ नेता राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व विभिन्न संगठनों ने अपना समर्थन दिया।

आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि अब किसान और मजदूर अपनी समस्या को समझने लगे हैं और वह एकजुट होकर अपने हकों के प्रति जागृत हो रहे हैं, साथ ही उन्होंने सरकार को चेताते हुए कहा कि इन किसानों के अधिकारों को उनको दिया जाए और जो किसान जेल में बंद है उन्हें जल्द से जल्द बिना शर्त के रिहा किया जाए अन्यथा आजाद समाज पार्टी एक सप्ताह बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर तालाबंदी करने का कार्य करेंगी साथ ही उन्होंने दोहराया कि जेल के अंदर जो हमारे किसान बंद हैं उनको जेल प्रशासन प्रताड़ित करने का कार्य ना करें वरना बड़ी संख्या में धरना स्थल से जेल भरो कार्यक्रम भी चलाया जाएगा और प्रशासन ने जो किसानों के धरना स्थल से सामान जप्त किया है उस सामान को जल्द से जल्द लौटाने का कार्य करें।

आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री देश को अदाणी के हाथ गिरवी रखना चाहते हैं सभी चीजें अडानी के नाम करी जा रही हैं रेलवे स्टेशन हो एयरपोर्ट हो बस स्टॉप हो पोर्ट हो सभी को अदाणी को दिया जा रहा है ऐसा लगता है कि देश के अंदर लोकतंत्र ना होकर अदाणी का राज हो किसान मजदूर को उसका हक नहीं मिल रहा है उसको अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर संघर्ष करना पड़ रहा है उसकी सुनने वाला कोई नहीं है क्या इस तरीका से भारत विश्व गुरु बनेगा? साथ ही साथ उन्होंने प्राधिकरण में बैठे अधिकारियों से भी कहा कि किसानों के साथ अन्याय करने का कार्य न करें आप भी अवश्य किसी न किसी किसान परिवार से आते होंगे और किसान परिवार की पीड़ा क्या होती है उससे आप भली-भांति वाकिफ होंगे सरकारें तो आती जाती रहती हैं परंतु आप लोगों को सरकार के इशारे पर काम न करके न्याय के सिद्धांत पर कार्य करना चाहिए।

वही सीटू की राष्ट्रीय सचिव ए आर सिंधु के नेतृत्व में अनुराग सक्सेना, गंगेश्वर दत्त शर्मा, रामसागर, मुकेश कुमार राघव आदि सीटू कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर किसानों की बिना शर्त रिहाई व धरना स्थल से जप्त किए गए सभी सामान की वापसी और किसान- मजदूर आंदोलन में पुलिस का अनावश्यक हस्तक्षेप बंद कराने की मांग को लेकर डीएम के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन दिया और किसान महापंचायत में हिस्सा लिया। किसान महापंचायत को संबोधित करते हुए सीटू नेता ए आर सिंधु ने सरकार व प्राधिकरण की मजदूर किसान विरोधी नीतियों पर कड़ा प्रहार किया और कहा कि मजदूर किसान आंदोलन में पुलिस का अनुचित हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस मुद्दे को लेकर हम बड़ा आंदोलन करेंगे।

समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि हमारे क्षेत्र के जनप्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं कर रहे उन्हें यह नहीं दिखाई दे रहा है कितनी भीषण गर्मी में भी पूरे के पूरे परिवार 50 गांवों के किसान




महिला व पुरुष बच्चे व बूढ़े सभी इस धरने में शामिल हैं उनकी जिम्मेदारी बनती है कि वह बाहर निकल कर आए और किसानों की समस्याओं का निराकरण करें इन्हीं किसानों ने उन्हें भारी बहुमत से जिता कर सदनों में अपनी आवाज उठाने के लिए भेजा था।

किसान सभा के जिला सचिव जगबीर नंबरदार ने कहा कि पिछले 50 दिनों से किसान इस धरने पर बैठे हुए हैं और इस क्षेत्र से भारी संख्या में दिन और रात लोग जुटे हुए हैं लोकतंत्र में किसानों का यह अधिकार है कि वह अपनी आवाज सुनाने के लिए धरना दे सकते हैं परंतु ना ही तो प्राधिकरण को ना ही सरकार को इन लोगों के हक और अधिकार की चिंता है छोटे-छोटे बच्चे धरने में आ रहे हैं बुजुर्ग इस धरने में शामिल हैं अगर ऐसी भयंकर गर्मी में कोई अनहोनी हो गई तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी जो लोग धरने में प्रमुख रूप से भूमिका निभा रहे हैं उन्हें अलग अलग तरीका से प्रताड़ित किया जा रहा है फर्जी मुकदमे उन पर लगाए जा रहे हैं डराया जा रहा है धमकाया जा रहा है यह लोकतंत्र की हत्या जैसा है।

आज के धरने में मुख्य रूप से नरेंद्र भाटी सुनील फौजी हरेंद्र खारी सुधीर भाटी इंद्र प्रधान जनार्दन भाटी प्रकाश प्रधान राजेश प्रधान रविंद्र भाटी संदीप थापखेड़ा एमपी यादव सतीश यादव अजय एड0 डॉक्टर महेंद्र नागर अजय चौधरी सुरेंद्र पंडित रीना भाटी कुसुम रेखा रावल संगीता रावल सुनीता बबीता सुशील प्रधान बबली गुर्जर विकास गुर्जर राजीव नगर नरेंद्र प्रधान अक्षय चौधरी अविनाश भाटी मोहित नागर सुशांत भाटी आकाश नगर, जनवादी महिला समिति की नेता आशा यादव रेखा चौहान चंदा बेगम गुड़िया देवी सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा हजरत करामत अली शाह सिग्नल वाले बाबा का उर्स समारोह

### एक तरफ अली दूसरी तरफ बजरंगबली की कव्वालियों से जनता हुई मंत्रमुग्ध

**आधुनिक समाचार सेवा**

झाँसी। हजरत करामत अली शाह सैयद सिग्नल शाह बाबा रहमतुल्लाह अलेह की दरगाह पर

**देश के विकास के लिए जाति धर्म से ऊपर उठकर करें सहयोग- डॉ0 संदीप**

हर वर्ष उर्स शरीफ का आयोजन किया जाता है 103 वां उर्स समारोह में जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ0 संदीप सरावगी मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित हुए जहां माल्यार्पण कर एवं रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति भेंट कर उनका स्वागत किया गया तत्पश्चात फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उर्स समारोह में जुनैद सुल्तानी एवं बाबू गुलाम साबरी द्वारा कव्वालियों की शानदार प्रस्तुति की गई पुलिया नंबर 9 मैदान में उपस्थित हजारों की संख्या में दर्शक अली और बजरंगबली पर आधारित कव्वालियों को सुनकर खुशी से झूम उठे। हर वर्ष आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक के रूप में जाना जाता है। कार्यक्रम में डॉ संदीप सरावगी ने हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारों के साथ जनता को संबोधित करते हुए कहा यह उर्स हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक है। सबसे बड़ा धर्म एकता



और इंसानियत का होता है जहां देश की बात हो वहां हमें अपने धर्म और जाति के बंधनों से मुक्त होकर देश की अखंडता के लिए कार्य करना चाहिए। डॉ0 संदीप ने बताया कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज भी धार्मिक एकता का प्रतीक है ऊपर का केसरिया रंग हिंदू धर्म, मध्य में सफेद रंग ईसाई धर्म और नीचे का हरा रंग मुस्लिम धर्म एवं चक्र का गहरा नीला रंग सिक्ख धर्म का प्रतीक है। जब हर धर्म के लोग मिलकर देश के विकास में सहयोग करेंगे तभी हमारा देश भारत संपूर्ण विश्व में विश्व गुरु के नाम से जाना जाएगा। जब किसी पर आपत्ति आती है तो वह मदद करने वाले से उसका जाति धर्म नहीं पूछता आज देश को हमारी जरूरत है तो हमें पीछे नहीं हटना है सभी को साथ मिलकर निरंतर आगे बढ़ते रहना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में उर्स कमेटी के अध्यक्ष इम्तियाज हुसैन, हाजी नगीना, एच पी पटेल, मुमताज हुसैन, मोहम्मद इब्राहिम, अनीश खान, नसीम बाबू, अन्ना भाई, अब्दुल गनी, हमीद मंसूरी, फैजल हुसैन, आरिफ, समीर खां, जावर खान, इकराम उल्लाह खान, रहूफ अब्बासी, गुलफाम अब्बासी, रहमत अली शाह आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर संघर्ष सेवा समिति से मनोज रेजा, संदीप नामदेव, महेंद्र रायकवार, राजू सेन, प्रमेंद्र सिंह, करन सिंह, सुशांत गेड़ा, राकेश अहिरवार, विनोद वर्मा, उमेश प्रजापति, एहसान खान आदि उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल में डीएल का मेडिकल बनवाने के नाम पर जम के वसूली अपने को बताते है जिला अस्पताल का कर्मचारी

## 34 नम्बर कमरे में बैठकर आँख का मेडिकल बिना जांच किये सुविधा शुक्ल लेकर किया जा रहा है मेडिकल आर्टियो आफिस भी संलिप्त

**आधुनिक समाचार सेवा**

सोनभद्र ब्यूरो/ जिला अस्पताल लोढ़ी में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के नीचे डॉक्टर बनके मेडिकल बनाया जा रहा है इसके एवज में 250 रु लिया जा रहा है जब इसकी पड़ताल हुई तो पता चला कि आर्टियो आफिस का दलाल ही डॉक्टर के चैम्बर में बैठकर आँख का जाच कर रहा है और सर्टिफिकेट जारी कर रहा है सीएमएस को पता ही नही लाइसेंस, ड्राइविग लाइसेंस (डीएल) जांच के नाम पर 250 रुपये की वसूली का मामला प्रकाश में आया है। संज्ञान में आने के बाद सीएमएस ने मामले की जांच के लिए कहा है।



दरअसल ड्राइविग लाइसेंस का आवेदक को मेडिकल सर्टिफिकेट देना होता है। सरकारी चिकित्सक की हरी झंडी के बाद प्रक्रिया आगे बढ़ती है। ऐसे में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग जिला अस्पताल से लेकर सीएमओ कार्यालय में मेडिकल जांच के लिए पहुंचते हैं। जिला अस्पताल में मेडिकल सर्टिफिकेट के लिए किसी पर ओटीपी भेजा जा रहा है उसके आधार पर बेरिफाई किया जा रहा है। इस कारण आवेदक को जिला अस्पताल, नेत्र रोग से जांच करानी होती है।आखिर बिना डॉक्टर के मौजूदगी में कैसे जारी हो रहा है मेडिकल सर्टिफिकेट मेडिकल सर्टिफिकेट पर डाक्टरों से लेकर कर्मचारियों तक का कमीशन होता है। दूर दराज से आये ग्रामीण रेनुकोट,चोपन, पटवध, बीजपुर,घोरावल से लोग आए थे मेडिकल बनवाने।

हालांकि इस सम्बंध में सीएमएस अश्वनी कुमार से सेल फोन पर बात हुआ तो बोले कि जांच करवाते है हम बाहर है।जब मौके पर डाक्टर नही है तो मेडिकल कैसे बन रहा है।

## पुलिस दिख रही लाचार चोर अभी भी फरार

अमेठी। स्थानीय ब्लॉक परिसर में मौजूद ब्लॉक प्रमुख कार्यालय, बीडीओ कार्यालय तथा सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) कार्यालय में चार- पांच जून की रात कार्यालयों का ताला तोड़ लाखों रुपए के इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी करने वाले चोरों का अमेठी पुलिस अभी तक सुराग नहीं लगा सकी है आठ दिन बाद भी सरकारी कार्यालयों में हुई चोरी का पर्दाफाश न होना जहां अमेठी पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह खड़े कर रहा है वहीं क्षेत्र की जनता पुलिसिया व्यवस्था की खिल्ली उड़ाते हुए दिख रही है बता दें चार-पांच जून की रात चोरों ने उपरोक्त कार्यालयों से दो इनवर्टर बैटरा,दो इनवर्टर,एक मानीटर,एक प्रिंटर,तीन एसी स्टैबलाइजर,दो बाहरी एसी तीन इनडोर एसी तथा एक दीवार पंखा चोरी कर लिया था जिसके बाद सीओ लल्लन सिंह ने मौके का मुवायना किया और फोरेंसिक टीम को भी साक्ष्य संकलन हेतु घटना स्थल पर भेजा था, खबर यह भी थी कि इस दुस्साहसिक वारदात का जल्द खुलासा करने की अमेठी पुलिस ने हुंकार भरी है लेकिन अभी तक चोरी का खुलासा न होने से लोग पुलिस पर फब्तियां कस रहे हैं।

# मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

### मुख्यमंत्री जी के आगमन के पूर्व समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं ससमय की जाये पूर्ण-जिलाधिकारी



**आधुनिक समाचार सेवा**

सोनभद्र ब्यूरो/विधायक सदर भूपेश चैबे, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश के मा0 मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ जी का सोनभद्र जिले में संभावित दौरा/ भ्रमण कार्यक्रम के तहत डायट परिसर उरमौरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, इस दौरान मंच, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, मैदान की लेबलिंग कराने तथा मैदान स्थल के आस-पास के झाड़ियों आदि को जल्द से जल्द हटाते हुए मैदान में उचित प्रबन्ध व्यवस्था करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने उरमौरा के डायट मैदान में संभावित आगामी दिनों में मा0 मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ जी के भ्रमण कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने मा0 मुख्य मंत्री जी के मंच और पाण्डाल के व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता से जानकारी लेते हुए कहा कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं ससमय पूर्ण कर ली जाये, इस दौरान जिलाधिकारी ने भीड़ को नियंत्रण करने, बैरिकेटिंग, मीडिया प्रतिनिधियों आदि को कवरेज करने हेतु मीडिया सेल आदि का आवश्यक प्रबन्ध का भी जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था के बारे में सम्बन्धित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबन्ध सुनिश्चित किये जाये, मा0 मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ जी के संभावित कार्यक्रम के तैयारियों के स्थलीय निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धितण उपस्थित रहें।

# जिला अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने चयनित आपदा मित्रो के बस को दिखाई हरी झण्डी




**आधुनिक समाचार सेवा**

सोनभद्र ब्यूरो/जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने आज भारत सरकार व उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित आपदा मित्र परियोजना के अंतर्गत जनपद सोनभद्र से चयनित 300 आपदा मित्रों में से चयनित 200 आपदा मित्रों/स्वयं सेवक के बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया, इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य आपदा मोचन बल, लखनऊ द्वारा संचालित 12 दिवसीय आवासीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु जनपद से विभिन्न संस्थाओं एनसीसी/एनएसएस/स्काउट गाइड एवं गैर सरकारी संस्थाओं व स्वयं की इच्छा से इच्छुक अभ्यर्थी/जनपद के चिन्हित गोताखोर एवं नाविक सहित कुल 200 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु विभिन्न सरकारी बसों के माध्यम से लखनऊ के लिए भेजा गया है। उक्त कार्यक्रम में जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण से जिला आपदा विशेषज्ञ पवन कुमार शुक्ला व एसडीआरएफ से आए 2 जवान मनोज कुमार, आरक्षी एवं विश्वजीत यादव, आरक्षी के नेतृत्व में टीम को रवाना किया गया, प्रतिभागियों में जनपद के स्काउट गाइड के इंचार्ज शैलेंद्र कुमार मिश्र, शुभम सोनी व राहुल यादव आदि अभ्यर्थी शामिल रहें। इस मौके पर अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, आपदा विशेष पवन कुमार शुक्ला, टीम के सदस्यगण सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## मुख्यमंत्री योगी 15 जून को जनपद में भरतकुंड में होगी जनसभा

अयोध्या सुशासन व गरीब कल्याण के प्रतीक योगिराज भरत जी तपोस्थली भरतकुंड पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विशाल जनसभा 15 जून को आयोजित की जायेगी। केन्द्र सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रंखला में इस विशाल जनसभा का आयोजन होना है। सांसद लल्लू सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियां व भाजपा पदाधिकारियों के साथ सभा स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने आयोजन को लेकर दिशा निर्देश दिये। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि मोदी सरकार के 9 साल के कार्यकाल में सर्वांगीण, सर्वसमावेशी, सर्व स्पर्शी विकास की रश्मि से सम्पूर्ण देश प्रकाशित हुआ है। बिना भेदभाव के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिला है।

# अनुसूचित समुदाय के लोगों तक पहुंचाएं योजनाओं का लाभ:अजीत रावत

## भाजपा पार्टी कार्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर योजनाओं की दी जानकारी

**आधुनिक समाचार सेवा**

सोनभद्र। भाजपा पार्टी कार्यालय पर मंगलवार को अनुसूचित मोर्चा के काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करते हुए पीएम मोदी के 9 साल बेमिसाल पूर्ण होने पर अनुसूचित जात के लोगों के बीच योजनाओं का लाभ व प्रचार प्रसार को लेकर गिनाई उपलब्धियां। अनुसूचित जाति के

काशी सेठ के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत ने प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बताया कि सुशासन विकास रोजगार डबल इंजन की सरकार द्वारा देश व प्रदेश में विकास की धारा बहा दी गई है वही पीएम मोदी द्वारा अनुसूचित मोर्चा के कार्यकर्ताओं पदाधिकारी व समुदाय के लोगों को हर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है जिसमें सब को गुणवत्तापूर्ण




पीएम के 9 वर्ष पूर्ण होने पर अनुसूचित मोर्चा के काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा गिनाई गई उपलब्धियां

शिक्षा खेल के साथ रोजगार स्वदेशी को प्रोत्साहन आत्मनिर्भर होने के लिए युवाओं को प्रेरित सड़क एवं सेतु समृद्ध होने तक रहेगा सभी को मिले छत परिवहन कि सुगम आवागमन की व्यवस्था समाज कल्याण द्वारा अनुसूचित जाति जनजाती कल्याण योजनाओं के तहत छात्रवृत्ति गरीब छात्राओं को साइकिल लैपटॉप टेबलेट हुआ हर प्रदेशों में वितरित करने का कार्य किया जा रहा है अनुसूचित जाति जनजाति के परिजनों के लिए शहरी आवास ग्रामीण आवास के तहत लाभ पहुंचाया जा रहा है विद्युत व्यवस्था लाइट सोलर पैनल सहित सभी योजनाओं का लाभ सरकार द्वारा पहुंचाई जा रही हैकेंद्र और राज्य सरकार ने अनुसूचित समाज के गरीब प्रतिभावान छात्र छात्राओं को यूपीपीसीएस आईटीआई आईपीएस आईएएस में निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था भी की है बाबा साहब से जुड़ी उनके जन्म से लेकर उनके मरण तक सभी 5 स्थलों को पंचतीर्थ के नाम से विकसित करने का काम मोदी सरकार ने किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दीपचंद महतो जिला उपाध्यक्ष अतुल कनौजिया मंडल अध्यक्ष रूपेश कुमार सभासद प्रतिनिधि दिनेश भारती जी राकेश भारती मोहन भारती रमेश कनौजिया संजय पासवान आदि लोग उपस्थित रहे।

# अज्ञात कारणों से महुअरिया में विवाहिता ने लगाई फांसी

## घर के बरेड़ से साड़ी के टुकड़े के सहारे लगाई फांसी,गांव के बीच टोला अगरिया बस्ती में घटी घटना ,घर में अकेली रहती थी 50 वर्षीय महिला

**आधुनिक समाचार सेवा**

दुद्धी/सोनभद्र। कोतवाली क्षेत्र के महुअरिया गांव के बीच टोला अगरिया बस्ती में सोमवार की रात्रि घर मे अकेली रह रही विवाहिता ने घर के बरेड़ से साड़ी के टुकड़े के सहारे फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली । घटना की जानकारी तब हुई जब पास पड़ोस के खेल रहे बच्चों ने नित्य की भांति मंगलवार की सुबह 10 बजे तक उसके घर का दरवाजा खुलना नही पाया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुँची कोतवाली पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। महुअरिया के बीचटोला अगरिया बस्ती निवासिनी 50 वर्षीय कमला देवी पत्नी बच्चू लाल काफी दिनों से घर मे अकेली रहती थी ,कि उसने सोमवार की रात्रि अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली।बस्ती वालों को घटना की जनाकारी तब हुई जब मंगलवार को सुबह 10 बजे तक विवाहिता ने अपना दरवाजा नहीं खोला वहीं उसी दरमियान उधर से गुजर रहे मृतिका के भसुर ने जब दरवाजा खटखटाया तो दरवाजा अंदर से बन्द मिला ,जब अंदर झांक कर देखा तो विवाहिता झूल रही थी ,फिर आस पास की ग्रामीणों की सहायता से छप्पर हटाकर घर मे प्रवेश कर विवाहिता को फंदे से उतारा गया ,उधर मौके पर पहुँची पुलिस के एसआई दिग्विजय सिंह ,एनामुल हक ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया विवाहिता ने किन कारणों से फांसी लगाई पुलिस इसकी जांच कर रही है । ग्राम प्रधान डॉ विजय कुमार ने बताया कि मृतिका के दो लड़के राजकुमार व देवनारायण है जो बाहर काम करते है वहीं पति भी राजस्थान में काम करता है।विवाहिता घर में अकेले रहती थी।



# कोतवाली के बाहर दलालो का वर्चस्व फरियाद करने वालो को करना पड़ता है परेशानीयो का सामना

**आधुनिक समाचार सेवा**

सोनभद्र ब्यूरो/जिले की कोतवाली और थानों की हालत में सबकुछ बेहतर नहीं चल रहा है। वहां सुनवाई न होने से बड़ी संख्या में परेशान होकर फरियादी जिला मुख्यालय पहुंच रहे हैं। एसपी कार्यालय में फरियादियों की लगने वाली लाइन से अफसर भी हैरत में हैं। बुधवार को जनसुनवाई के दौरान एसपी के सामने ऐसे कई मामले सामने आए। एक मामले में तो यह शिकायत मिली कि गुरसहायगंज कोतवाली के बाहर दलालों का अड्डा है। पुलिस की मिलीभगत से दलाल के कहने पर ही रिपोर्ट में फेरबदल होता है। शिकायत सुनकर भड़के एसपी ने तत्काल कोतवाल को मोबाइल से फोन कर नाराजगी जताई। गलत गतिविधियों पर अंकुश लगाने की ताकीद की।

दरअसल बुधवार को एसपी कार्यालय में सुबह से ही बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे थे। एसपी कुंवर अनुपम सिंह बारी-बारी से फरियादियों को बुलाकर परेशानी सुन रहे थे। संबंधित थानों से जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई




का आदेश भी दे रहे थे। इसी बीच दो युवतियों ने पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया और पीड़ा साझा की। उनकी बातों को सुनकर कप्तान का पारा चढ़ गया। उन्होंने कुछ और जानकारी की, युवतियों का जवाब सुनकर उन्होंने पीआरओ से गुरसहायगंज कोतवाल को फोन लगाने को कहा। उनके लाइन पर आते ही बोले, कोतवाली के बाहर झोपड़ी डालकर दलाली हो रही है। वहां जाने वाले फरियादियों का उन दलालों के मुताबिक तहरीर लिखवाकर उनके मुताबिक ही रिपोर्ट की एफआईआर या एनसीआर दर्ज हो रही है। यह गलत है। ऐसा नहीं होना चाहिए। इन गतिविधियों पर तत्काल रोक लगवाएं। कोतवाल ने जवाब में जब कुछ कहा तो कप्तान ने कहा कि पहले इन पीड़िताओं की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराएं, उसके बाद जांच करें। जो मामला सामने आए उसके मुताबिक आगे की कार्रवाई करें। किसी दलाल के कहने पर कोई फैसला न करें। एसपी ने पास बैठे एएसपी से कहा कि अगर वहां की इस तरह की गतिविधियां नहीं रुकीं तो दलालों की झोपड़ी भी हटेगी और जिम्मेदार पर भी कार्रवाई होगी।

## सुरक्षा के दृष्टिगत से मुख्यमंत्री जी के भ्रमण कार्यक्रम के लिए कोई मीडिया पास जारी नही किया जा रहा है–मुरलीधर

अयोध्या मण्डल अयोध्या के उपनिदेशक सूचना डा0 मुरलीधर सिंह ने मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के दिनांक 14 जून 2023 के प्रस्तावित भ्रमण एवं बैठक कार्यक्रम की फोटो, दो-दो मिनट की वीडियों तथा सम्बंधित बैठक एवं भ्रमण की सूचना, सूचना विभाग, एएनआई की टीम द्वारा पूर्व की भांति ई-मेल एवं व्हाटसअप ग्रुप के माध्यम से मीडिया बन्धुओं की ससमय उपलब्ध कराया जायेगा। शासन से मा0 मुख्यमंत्री जी का अन्य कोई कार्यक्रम जारी होने पर उन्हें भी मीडिया बन्धु की समय से उपलब्ध कराया जायेगा। सुरक्षा के दृष्टिगत से मा0 मुख्यमंत्री जी के भ्रमण कार्यक्रम के लिए कोई मीडिया पास जारी नही किया जा रहा है।

# बैनी पीकेट पर लगे बैरियर पर तेज रफ्तार से आर ही पशुतस्कर के वाहन से दो लोग हुए गम्भीर रूप से घायल

## जिसमे मुख्य आरक्षी संदीप सिंह को बनारस ट्रामा सेन्टर रेफर किया गया

**आधुनिक समाचार सेवा**

सोनभद्र ब्यूरो /पशुतस्कर की बडती जारही है मनमानी आए दिन पुलिस टीम के द्वारा पशुतस्कर को पकडे जाने के बावजूद भी नही रूक रहा है पशुतस्करी का सिलसिला आज सुबह तकरीबन



5बजे के आस पास बैनी चौराहे के पास लगे पीकेट बैरियर पर डियूटी कर रहे आरक्षि संदीप सिंह एव बगल मे ही काम करते दूसरे मजदूर को तेज रफ्तार से पशु से लदी आरही पिकप ने टक्कर मारते हुए तेज भागे जिसमे दो लोगो को गम्भीर रूप से चोटे भी लगी जिसमे से एक को आरक्षि संदीप सिंह को बनारस के लिए रेफर कर दिया गया हालत नाजुक बताई जारही है।

# विद्युतीकरण व पानी को लेकर सदर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**आधुनिक समाचार**

डाला सोनभद्र । डाला नगर पंचायत का वार्ड नंबर 5 जहाँ के 75 प्रतिशत भाग में न तो कहीं खंभा गड़ा है और ना बिजली का तार ही गया है।जिसको लेकर नव सृजित नगर पंचायत डाला के नव निर्वाचित भारतीय जनता पार्टी के 5 सभासदो ने सदर विधायक को ज्ञापन सौप जल्द विधुतीकरण कराये जाने की मांग की है।वार्ड नंबर 5 के सभासद बलवीर चन्द्रवंशी ने कहा कि वार्ड नंबर 5 में लगभग 17 सौ की आबादी निवास करती है।जहाँ लगभग सात सौ मतदाता भी हैं।जो उनके क्षेत्र में विकास को प्राथमिकता देने वाले प्रत्यासी को अपना मत भी देते हैं।इस वार्ड में ज्यादातर लोग



गरीब व मध्यम परिवार के निवास करने वाले है।यही कारण है कि इस वार्ड में पक्के छत वाले मकानो से कही अधिक मिट्टी या झोपड़ी वाले घर स्थित है।वाराणसी शक्तिनगर मार्ग से सटे वार्ड नंबर 5 का 25 प्रतिशत भाग बिजली की रौशनी से जगमग है।जबकि इसका शेष सबसे बड़ा भाग हमेशा अंधेरा में डूबा रहता है।सरकार की योजना अन्तर्गत विधुत विहीन गाँवो या टोलो में सरकार द्वारा ही बिजली का खंभा गाड़ने व उस क्षेत्र में तार खिच कर घरो तक कनेक्शन देकर बिजली पहुँचाने की जिम्मेदारी है।लेकिन सरकार की यह मत्वाकाँक्षी योजना इस वार्ड के शेष भागो में अबतक नहीं पहुँचा है।जिसके कारण लोगो का जीवन भी अंधकारमय हो गया है।सभासद विशाल कुमार ने बताया कि वार्ड नंबर दो,तीन व सात के कुछ भागो में बिजली का न तो खंभा गड़ा है और ना तार ही खिचा गया है।जिसके कारण वहां के रहवाली बास-बल्ली के सहारे केबल द्वारा अपने घरो तक बिजली ले गये हैं।आये दिन बास बल्ली के टूटने से केबल जमीन पर गिरा पड़ा रहता है।जिससे जान जाने का खतरा बना रहता है।सदर विधायक ने नव निर्वाचित सभासदो को आश्वस्त किया कि सरकार की जो बिजली ब्यवस्था सम्बंधित योजना है उसका लाभ उन वार्डो तक जरूर पहुचेगा।जिसके लिए पुरा प्रयास किया जायेगा।इस अवसर पर सभासद संतोष कुमार कुशवाहा,अवनीश देव पांडेय व प्रदीप कुमार सामिल रहे।

## महंत रामदास ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अयोध्या 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के संदर्भ में जिलाधिकारी श्नीतीश कुमार जी से पौराणिक सिद्धपीठ श्री हनुमान गढ़ी नाका अयोध्या के महांत रामदास के साथ मिलकर स्थानीय लोगों ने मिलकर नाका हनुमान गढ़ी से गुलाब नगर तिराहे तक के वासियों की समस्या से माननीय जिलाधिकारी को अवगत कराया महांत रामदास ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा तथा बताया कि चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग के दक्षिण दिशा में पौराणिक शिव मंदिर व सैकड़ों मकान मलिन बस्ती के लोग पुस्तैनी मकान बना कर रहते हैं जबकि उत्तर दिशा पर नजूल सरकार की भूमि सैकड़ों बीघा जमीन पर मुरारी यादव उमेश यादव श्याम सुंदर यादव अतिक्रमण कर अबोध कब्जा किया हुआ है।

# दिशिता महिला मंडल ने यात्रियों को बैठने की दी सौगात

**आधुनिक समाचार सेवा**

अनपरा (सोनभद्र) दिशिता महिला मंडल रेनूसागर द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम के अर्न्तगत सामाजिक कल्याण के तहत एक और




महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अनपरा रेलवे स्टेशन के यात्रियों को बैठने की सुविधा हेतु तीन सीट वाली छः बैंच प्रदान किया। दिशिता महिला मंडल की अध्यक्षा इन्दू यादव ने स्वंय अपनी टीम के साथ रेलवे स्टेशन जाकर यह सुविधा प्रदान की तथा कहा कि सर्दी, गर्मी व वर्षा ऋतु में प्रतिक्षारत यात्रियों के बैठने की यह सुविधा काफी उपयोगी सिद्ध होगी । इससे पूर्व दिशिता महिला मंडल की टीम ने इस चिलचिलाती धूप व प्रचंड गर्मी को देखते हुए अनपरा रेलवे स्टेशन पर वाटर कूलर व प्यूरीफायर भी लगवाया था, इस पुनीत कार्य के लिए लोग महिला मंडल को साधुवाद देते नहीं थक रहे है। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्याऐं विभा शैलेश सिंह, बबीता सिंह, सपना तिवारी, तपस्वनी नायक, कविता श्रीमाली, विभा सिंह, ऋतु दवे, तुलिका श्रीवास्तव, रजनी रूगंटा, व सीमा बियाला प्रमुख रूप से उपस्थित थी।

अनपरा रेलवे स्टेशन प्रभारी आर के झा ने महिला मण्डल टीम का स्वागत करते हुए इस पुनीत कार्य के लिए टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होनें कहा कि यात्रियों के हितों को ध्यान में रखते हुए यह बैठने हेतु तीन सीट वाली छः बैंच साथ ही पूर्व प्रदत्त वाटर कूलर व प्यूरीफायर काफी उपयोगी साबित हो रहा है। प्लेटफार्म पर उपस्थित यात्रीगणों ने दिषिता महिला मंडल रेनूसागर द्वारा इस पुनीत कार्य की सरहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

# रोहित शर्मा के कप्तान बने रहने पर संदेह, वेस्टइंडीज दौरे के बाद होगा फैसला

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय टीम हाल ही में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप हारी है। इस मुकाबले में भारतीय टीम के शर्मनाक प्रदर्शन के बाद से लगातार भारतीय टीम पर कई सवाल खड़े किए जा रहे है। इसी बीच संभावना जताई जा रही है कि रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाया जा सकता है।

जानकारी के मुताबिक रोहित शर्मा की टेस्ट कप्तानी को हाल में कोई खतरा नहीं है। मगर कप्तानी को बचाए रखने के लिए रोहित शर्मा को कप्तान के तौर पर वेस्टइंडीज में शानदार प्रदर्शन करना होगा। रोहित शर्मा वेस्टइंडीज में दो टेस्ट मुकाबलों की सीरीज के लिए भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। माना जा रहा है कि इस सीरीज के बाद भारतीय टीम के लिए नए कप्तान को लेकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) बैठक कर सकता है।



जानकारी के मुताबिक रोहित शर्मा अगर 12 जुलाई से डोमीनिका में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट की श्रृंखला में कप्तानी से स्वयं हटने का फैसला नहीं करते हैं तो वह टीम की अगुआई करेंगे। हालांकि इस सीरीज में रोहित शर्मा को बड़ी पारी खेलनी होगी। अगर इस टूर्नामेंट में रोहित शर्मा का बल्ला नहीं चलेगा तो उन पर काफी परेशानियां हो सकती है। रोहित हालांकि डोमीनिका या पोर्ट ऑफ स्पेन में होने वाले दूसरे टेस्ट (20 से 24 जुलाई) में अगर कोई बड़ी पारी नहीं खेलते हैं तो बीसीसीआई के आला अधिकारियों और राष्ट्रीय चयन समिति पर कड़ा फैसला करने का दबाव होगा।

बीसीसीआई एक वरिष्ठ सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया, "ये निराधार बातें हैं कि रोहित को कप्तानी से हटा दिया जाएगा। हां, क्या वह पूरे दो साल के डब्ल्यूटीसी (विश्व टेस्ट चैंपियनशिप) चक्र में बरकरार रहेगा, यह एक बड़ा सवाल है क्योंकि 2025 में तीसरा चक्र समाप्त होने पर वह लगभग 38 वर्ष का होगा।" उन्होंने कहा, "फिलहाल मेरा मानना है कि शिव सुंदर दास और उनके सहयोगियों को दो टेस्ट के बाद और उनकी बल्लेबाजी फॉर्म को देखते हुए फैसला करना होगा। असल में बीसीसीआई अन्य खेल बोर्ड से बहुत अलग तरीके से काम करता है। भारतीय बोर्ड में शीर्ष अधिकारियों का मानना है कि जब आलोचना चरम पर पहुंच जाती है तो आप फैसले नहीं लेते।

सूत्र ने कहा, "वेस्टइंडीज दौरे के बाद दिसंबर के अंत तक कोई टेस्ट नहीं है जब टीम दक्षिण अफ्रीका की यात्रा करेगी। इसलिए चयनकर्ताओं के पास विचार-विमर्श करने और निर्णय लेने के लिए पर्याप्त समय है। तब तक पांचवां चयनकर्ता (नया अध्यक्ष) भी समिति में शामिल हो जाएगा और तब फैसला किया जा सकता है।" जो लोग भारतीय क्रिकेट की जानकारी रखते हैं वे जानते हैं कि जब विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका में श्रृंखला हारने के बाद टेस्ट कप्तानी छोड़ी थी तो रोहित शुरू में पारंपरिक प्रारूप में कप्तान बनने के लिए बहुत उत्सुक नहीं थे क्योंकि उन्हें नहीं पता था कि उनका शरीर साथ देगा या नहीं। सूत्र ने कहा, "उस समय के दो शीर्ष अधिकारियों (पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह) को लोकेश राहुल के दक्षिण अफ्रीका में कप्तान के रूप में प्रभावित करने में विफल रहने के बाद उन्हें यह भूमिका निभाने के लिए राजी करना पड़ा।"

नागपुर के चुनौतीपूर्ण विकेट पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 120 रन के शानदार स्कोर को छोड़कर रोहित ने उस तरह की पारियां नहीं खेली हैं जैसी उनकी क्षमता के खिलाड़ी से उम्मीद की जाती है। रोहित के 2022 में टेस्ट कप्तानी संभालने के बाद से भारत ने 10 टेस्ट खेले जिसमें से तीन में वह नहीं खेले। उन्होंने इस दौरान सात टेस्ट में 390 रन बनाए और उनका औसत रहा। उन्होंने इस दौरान एक शतक जड़ा लेकिन इसके अलावा कोई अन्य स्कोर 50 रन से ऊपर नहीं था। इसी दौरान विराट कोहली ने सभी 10 टेस्ट खेले। उन्होंने 17 पारियों में 517 रन बनाए और अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 186 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा। चेतेश्वर पुजारा ने इस दौरान आठ टेस्ट की 14 पारियों में 482 रन बनाए जिसमें दो नाबाद पारियां भी शामिल रहीं। उनका औसत 40.12 रहा लेकिन उन्होंने 90 और 102 रन की दो पारियां बांग्लादेश की कमजोर टीम के खिलाफ खेली।

# भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी का केन्द्र हैं :ब्लिंकन

वाशिंगटन। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले कहा कि आर्थिक संबंध भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी का केन्द्र हैं तथा दोनों देश भविष्य के नवाचारों को और उन्हें संचालित करने वाले नियमों को आकार देने में मदद कर रहे हैं। राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन ने प्रधानमंत्री मोदी को आधिकारिक तौर पर आमंत्रित किया है। मोदी के सम्मान में 22 जून को राजकीय रात्रि भोज भी दिया जाएगा। ब्लिंकन ने यहां सोमवार को वार्षिक 'इंडिया समिट ऑफ अमेरिका इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) को संबोधित करते हुए कहा, " हमारे आर्थिक संबंधहमारे रणनीतिक संबंधों के केन्द्र में हैं।

राष्ट्रपति जो बाइडन तथा भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं आपके जैसे निजी क्षेत्र के दिग्गजों के नेतृत्व में ये संबंध दिन-ब-दिन मजबूत हो रहे हैं।" अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन ने कहा कि पिछले वर्ष दोनों देशों के बीच व्यापार रिकॉर्ड 191 अरब डॉलर तक पहुंच गया और इसी के साथ अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया। अमेरिकी कंपनियों ने उत्पादन से लेकर दूरसंचार तक भारत में कम से कम 54 अरब डॉलर का निवेश किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में भारतीय कंपनियों ने सूचना प्रौद्योगिकी, दवाइयों तथा अन्य क्षेत्रों में 40 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है जिससे कैलिफोर्निया से जॉर्जिया तक 4,25,000 नौकरियों को बल मिला है। विदेश मंत्री ने कहा कि फरवरी में एअर इंडिया ने 200 से अधिक बोइंग विमानों की खरीद की घोषणा की जिससे 44 राज्यों में अनुमानित दस लाख से अधिक नौकरियों को



बल मिलेगा। उन्होंने कहा, " हम प्रधानमंत्री मोदी की ऐतिहसिक यात्रा से पहले यहां हैं, जो उन संबंधों को और मजबूत करेगी जिसे राष्ट्रपति बाइडन ने 21वीं सदी के अहम संबंध बताया है।" उन्होंने कहा, " भारत हमारे नए हिंद-प्रशांत आर्थिक ढ़ांचे के तीन आधार स्तंभों- अधिक लचीली आपूर्ति श्रंखला बनाने की प्रतिबद्धता, स्वच्छ ऊर्जा के अवसरों का लाभ उठाने तथा भ्रष्टाचार से निपटने- में जुड़ गया है।" विदेश मंत्री ने कहा, "कृत्रिम मेधा से क्वांटम कम्प्यूटिंग तक हम साथ मिलकर भविष्य के नवाचारों को और उन्हें संचालित करने वाले नियमों को आकार देने में मदद कर रहे हैं।" साथ ही उन्होंने कहा कि जनवरी माह में यूएसआईबीसी ने 'राउडंटेबल' शुरू किया था जहां दोनों देशों की सरकारों ने महत्वपूर्ण एवं उभरती हुई प्रौद्योगिकी पर एक नई पहल की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा, "हम अमेरिका और भारत में सरकारों, व्यवसायों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच रणनीतिक प्रौद्योगिकी साझेदारी को बढ़ा रहे हैं और उसका विस्तार कर रहे हैं।" उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में सौर विनिर्माण प्रतिष्ठान बनाने में मदद के वास्ते "यूएस इंटरनेशनल डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन" ने एक प्रमुख अमेरिकी कंपनी को 50 करोड़ डालर दिए हैं। इस परियोजना से भारत में घरों, स्कूलों और व्यवसायों में लगभग तीन करोड़ बल्ब को ऊर्जा मिलेगी, भारतीयों और अमेरिकियों के लिए एक हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे।" प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर इस महीने अमेरिकी की राजकीय यात्रा करेंगे। उनकी चार दिवसीय यात्रा 21 जून से शुरू होगी।

# भारत-अमेरिका संबंधों की वास्तविक क्षमता सामने लाने का "अहम जरिया" है : संधू

वाशिंगटन। अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने भारत-अमेरिका साझेदारी को और तेजी से बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी की ताकत को रेखांकित किया और कहा कि दोनों देशों के संबंधों की वास्तविक



क्षमता को सामने लाने का "सबसे अहम जरिया"प्रौद्योगिकी ही है। संधू का यह बयान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिकी यात्रा से ठीक पहले आया है। राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 21 से 24 जून तक अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान, वह कांग्रेस के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे।

संधू ने सोमवार को कहा, " यदि आप मुझसे पूछें कि मैं सबसे ज्यादा किसकी वकालत करूंगा, इस संबंध के लिए सबसे अधिक फायदेमंद क्या है और वास्तव में वैश्विक हित किसमें है, वह प्रौद्योगिकी है। यह संबंधों की वास्तविक क्षमता को सामने लाने का सबसे अहम जरिया है। " उन्होंने कहा, " प्रौद्योगिकी क्षेत्र में हमारे बीच काफी तालमेल है। यह उतनी ही रणनीतिक है जितनी वाणिज्यिक।" संधू ने 'यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल' के वार्षिक 'इंडिया आइडियाज समिट'को संबोधित करते हुए यह बयान दिया।

उन्होंने कहा, "करीब साढ़े चार महीने पहले ही हमने एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार) और (वाणिज्य) मंत्री (जीना) रायमोंडो दोनों की उपस्थिति में इसी स्थान पर 'आईसीईटी इंडस्ट्री राउडंटेबल' शुरू किया था। " उन्होंने कहा, " आज (अमेरिका के) राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन दिल्ली में हैं, जो आईसीईटी की पहले दौर की चर्चा को वहां आगे बढ़ाएंगे।" गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रधानमंत्री मोदी ने मई 2022 में महत्वपूर्ण एवं उभरती हुई प्रौद्योगिकी (आईसीईटी) संबंधी पहल की घोषणा की थी। इसका मकसद दोनों देशों की सरकारों, व्यवसायों व शिक्षण संस्थानों के बीच रणनीतिक प्रौद्योगिकी साझेदारी और रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाना व विस्तारित करना है।

## रूसी मिसाइल हमलों में तीन लोगों की मौत, 25 लोग घायल यूक्रेनी अधिकारी

कीव। एक क्षेत्रीय गवर्नर ने बताया कि यूक्रेन के क्रिवयी रीह इलाके में रिहाइशी



इमारतों में रूसी मिसाइल हमलों में कम से कम तीन लोग मारे गए वहीं 25 लोग घायल हुए हैं। क्षेत्रीय प्रशासन के प्रमुख सेरहिये लायसाक ने कहा कि पांच मंजिला रिहायशी इमारत पर मंगलवार को तड़के हमला हुआ और इलाके में आग लग गई। उन्होंने टेलीग्राम पोस्ट में कहा कि बचाव अभियान जारी है।

# रैना फिर मैदान पर दिखेंगे, इस लीग में हिस्सा लेने के लिए हैं तैयार,कब होगी नीलामी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर और मिस्टर आईपीएल सुरेश रैना के फैंस के लिए खुश खबरी है। अब फैंस जल्द ही सुरेश रैना को फिर से मैदान पर खेलते हुए देख सकेंगे। इंडियन प्रीमियर लीग में अपना जलवा बिखेरने के बाद फिर से वो एक लीग में खेलते हुए दिखेंगे।

भारतीय क्रिकेट के खिलाड़ियों को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड किसी अन्य विदेशी लीग में खेलने की इजाजत नहीं मिलती है। किसी खिलाड़ी को इन लीग में खेलने के लिए क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से सन्यास लेना पड़ता है। अब एक भारतीय क्रिकेट का पूर्व खिलाड़ी सन्यास लेने के वर्षों बाद फिर से क्रिकेट के मैदान में खेलता हुआ दिखाई देगा।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर और इंडियन प्रीमियर लीग टीम चेन्नई सुपरकिंग्स के सबसे सफल बल्लेबाजों में शुमार सुरेश रैना जल्द ही विदेशी लीग में खेलते हुए दिख सकते है। सीएसके के लिए लंबे समय तक धमाकेदार प्रदर्शन करने वाले सुरेश रैना अब नई विदेशी लीग में अपने बल्ले से धमाल मचाते दिख सकते है।



सुरेश रैना लंका प्रीमियर लीग में खेलते हुए दिखाई देंगे। इस लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 14 जून को होनी है।

इस लीग को लेकर श्रीलंका क्रिकेट काउंसिल की ओर से अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेटरों की सूची जारी की गई है। इस सूची में उन खिलाड़ियों के नाम शामिल हैं जो टूर्नामेंट में शामिल होने वाली टीमों के खिलाड़ी बनने के लिए नीलामी में हिस्सा लेंगे। इस लीग की शुरुआत 31 जुलाई से होगी, जिसमें कुल पांच टीमें हिस्सा लेंगी। गौरतलब है कि सुरेश रैना ने भारतीय क्रिकेट के सभी फॉर्मेट में खेला है। वो तीनों ही फॉर्मेट में शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज हैं। टेस्ट डेब्यू में भी सुरेश रैना ने शतक जड़कर कमाल किया था। वनडे विश्व कप 2011 में भी सुरेश रैना के बल्ले से कई रन निकले थे। इस बेहद अहम टूर्नामेंट में उन्होंने कई शानदार पारियां खेली थी। इन पारियों की बदौलत ही भारतीय टीम फाइनल तक पहुंच सकी थी। वहीं 2013 चैंपियंस ट्रॉफी में भी उन्होंने अहम रोल निभाया था। सुरेश रैना ने भारतीय टीम के लिए 18 टेस्ट खेलते हुए 768 रन बनाए है। उन्होंने कुल 226 वनडे खेले हैं जिनमें उनके बल्ले से 5615 रन निकले है। वहीं 78 टी20 मुकाबले खेलते हुए सुरेश रैना ने 1605 रन बनाए हैं।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल में मिली हार के बाद इन तीन खिलाड़ियों के लिए खतरे की घंटी

2013 चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से अपनी पहली आईसीसी ट्रॉफी जीतने के लिए टीम इंडिया का इंतजार लंबा होता जा रहा है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचने के बाद टीम इंडिया से उम्मीद जरूर हुई थी लेकिन फाइनल में टीम को ऑस्ट्रेलिया से 209 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही एक बार फिर से आईसीसी ट्रॉफी का भारत का सपना टूट गया। टीम इंडिया पिछले डब्ल्यूटीसी फाइनल में भी पहुंची थी। उस बार भी कम स्कोर और बारिश से प्रभावित मुकाबले में न्यूजीलैंड से आठ विकेट से हार गए थे। यहीं कारण है कि टीम को आलोचना का सामना करना पड़



रहा है। 1. चेतेश्वर पुजाराः भारत के लंबे समय तक तीसरे नंबर के खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा की खूब आलोचना हो रही है। फाइनल में उनका प्रदर्शन ठीक नहीं रहा जबकि वह लंबे समय से ही इंग्लैड में काउंटी क्रिकेट खेल रहे थे। लंबे समय से उनका खराब प्रदर्शन जारी है। पिछले साल दक्षिण अफ्रीका दौरे के बाद उन्हें बाहर भी कर दिया गया था। हालांकि, काउंटी क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के कारण चयनकर्ता ने उन्हें इंग्लैंड में एकमात्र टेस्ट के लिए वापस बुला लिया। लेकिन डब्ल्यूटीसी फाइनल में दोनों पारियों में जिस तरह से आउट हुए, उससे बहुतों को खुशी नहीं हुई। इसलिए इनके लिए अब टीम इंडिया की राह मुश्कील हो सकती है। **2. केएस भरतः** केएस भरत को ऋषभ पंत के चोटिल होने के बाद टीम इंडिया में मौका मिला। भरत के पास डब्ल्यूटीसी फाइनल में अपने प्रदर्शन से इतिहास रचने का शानदार मौका था। भरत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में भी खेले थे। लेकिन उनकी बल्लेबाजी संतोषजनक नहीं रही, भले ही उनकी विकेटकीपिंग शीर्ष पायदान पर थी। भरत ने टेस्ट में अब तक 8 पारियों में केवल 18.4 की औसत से केवल 129 रन बनाए हैं जो पर्याप्त नहीं है और इससे चयनकर्ताओं को टेस्ट में उनसे आगे की ओर देखना पड़ सकता है। **3. उमेश यादवः** उमेश यादव ने डब्ल्यूटीसी फाइनल में अपने करियर का 57वां टेस्ट खेला और उनका प्रदर्शन बिल्कुल भी अच्छा नहीं रहा। उन्होंने पहले दिन नई गेंद से दबाव कम किया और पूरे खेल में अपेक्षाओं के अनुरूप गेंदबाजी नहीं की। भले ही उन्होंने दूसरी पारी में दो विकेट चटकाए, लेकिन भारत के लिए बहुत देर हो चुकी थी। उमेश का प्रदर्शन विशेष रूप से घर से दूर टेस्ट में उतार-चढ़ाव वाला रहा है और इसके कारण अंततः उन्हें वेस्ट इंडीज दौरे के लिए टीम से अपना स्थान गंवाना पड़ सकता है।

# अगले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिए भारत को खेलने होंगे 19 मुकाबले, जानें पूरा कार्यक्रम

नई दिल्ली (एजेंसी)। टीम इंडिया को छ्ण्ण इवेंट के फाइनल में एक बार फिर से हार का सामना करना पड़ा है। इसके साथ ही आईसीसी ट्रॉफी जीतने का सपना और लंबा हो गया। पिछले हफ्ते लंदन के ओवल में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (ऊण) के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से टीम इंडिया हार गई थी। यह 2014 के बाद से आईसीसी फाइनल में भारत की चौथी हार थी और चार साल पहले डब्ल्यूटीसी शुरू होने के बाद दूसरी हार थी। टीम इंडिया उद्घाटन संस्करण के फाइनल में भी जगह बनाई थी, लेकिन साउथेम्प्टन में खेले गए शिखर मुकाबले में न्यूजीलैंड से हार मिली।

**आईसीसी के नियमः** इस बीच, अगला ऊण चक्र 16 जून को ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज के साथ शुरू होने वाला है। जहां तक ??टीम इंडिया की बात है, तो वे अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने सोमवार (11 जून) को श्रृंखला के कार्यक्रम की घोषणा की, जिसमें दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला 12 जुलाई से शुरू होगी। आईसीसी द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार, प्रत्येक टीम को कुल छह श्रृंखलाएं खेलनी हैं। इस चक्र के दौरान टीमें तीन घर और तीन बाहर खेलेंगी।

**भारत का कार्यक्रमः** भारत घर में क्रमशः न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और बांग्लादेश के खिलाफ 3, 5 और 2 टेस्ट खेलेगा। दूसरी ओर, वेस्टइंडीज के अलावा, वे इस चक्र में क्रमशः 2 और 5 टेस्ट खेलने के लिए दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेंगे। टीम अगले साल जनवरी-फरवरी में इंग्लैंड और बांग्लादेश और न्यूजीलैंड 2024-25 के घरेलू सत्र में भारत का दौरा करेंगे। दूर के दौरों के लिए, भारत अगले महीने वेस्टइंडीज का दौरा करेगा, जबकि दक्षिण अफ्रीका का दौरा दिसंबर 2023 और जनवरी 2024 के बीच होना



तय है। वे ऑस्ट्रेलिया में चक्र की अपनी अंतिम श्रृंखला खेलेंगे और 5 टेस्ट में भाग लेंगे।

ये रहे कार्यक्रम

भारत का वेस्टइंडीज दौरा

वेस्टइंडीज बनाम भारत - 2 टेस्ट - जुलाई/अगस्त 2023

12-16 जुलाईः पहला टेस्ट - विंडसर पार्क, रोसो, डोमिनिका

20-24 जुलाईः दूसरा टेस्टः क्वींस पार्क ओवल, पोर्ट ऑफ स्पेन, त्रिनिदाद

दक्षिण अफ्रीका का भारत दौरा 2023-24

दक्षिण अफ्रीका बनाम भारत - 2 टेस्ट - दिसंबर 2023 से जनवरी 2024

इंग्लैंड का भारत दौरा 2024

भारत बनाम इंग्लैंड - 5 टेस्ट - जनवरी/फरवरी 2024

भारत का बांग्लादेश दौरा 2024

भारत बनाम बांग्लादेश - 2 टेस्ट - सितंबर/अक्टूबर 2024

न्यूजीलैंड का भारत दौरा 2024

भारत बनाम न्यूजीलैंड - 3 टेस्ट - अक्टूबर/नवंबर 2024

भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा 2024-25 - बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी

ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत - 5 टेस्ट - नवंबर 2024 - जनवरी 2025

# टीटी कप नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में अर्श अलेवन भदोही को हराकर कबीर अलेवन प्रतापगढ़ बना चैंपियन

**आधुनिक समाचार सेवा**

फूलपुर टीटी कप नाइट टूर्नामेंट ट्रेजर टाइलैंड इंग्लिश मीडियम स्कूल के खेल मैदान में खेला गया आज का पहला मैच सेमीफाइनल मैच खेला गया सेमीफाइनल मैच अर्श अलेवन भदोही एवं विजय अलेवन फूलपुर के बीच खेला गया जिसमें भदोही की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 वोअर में 36 रन 9 विकेट के नुकसान पर बनाएं जवाब में विजय अलेवन फूलपुर लो स्कोरिंग मैच में भदोही की अच्छी गेंदबाजी और अच्छे क्षेत्ररक्षण के चलते पूरी टीम महज 24 रन बनाकर ऑल आउट हो गई इस तरह भदोही ने फूलपुर को हराकर फाइनल में प्रवेश किया भदोही की तरफ से मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सहाबुद्दीन को मिला और उसके बाद फाइनल मैच खेला गया फाइनल मैच अर्श अलेवन भदोही






एवं कबीर अलेवन प्रतापगढ़ के बीच खेला गया जिसमें टास भदोही ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया भदोही के ओपनर बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाए पहले ही वोअर में भदोही ने अपना पहला विकेट गंवा दिया भदोही ने निर्धारित 10 वोअर के मैच में 46 रन बनाए जीत के लिए चैंपियन बनने के लिए प्रतापगढ़ को 47 रन बनाने थे प्रतापगढ़ की टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया प्रतापगढ़ की तरफ से अजहर अली ने सबसे ज्यादा 15 रन बनाए और वह नॉट आउट रहे 7.3 गेंद पर प्रतापगढ़ का स्कोर बराबर हो गया आठवे वोअर की चौथी गेंद पर जीत का चौका रजत के बल्ले से निकला जैसे ही गेंद बाउंड्री के बाहर गई दर्शकों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया सारे स्टेडियम में आतिशबाजी की गूंज दिखाई देने लगी आज स्टेडियम को बहुत ही खूबसूरत अंदाज में सजाया गया था इस टूर्नामेंट को सजाने संवारने में इलियास अहमद एवं मिनहाज अहमद महताब अहमद विशेष योगदान रहा इस टूर्नामेंट का फर्स्ट प्राइज 50,000 इनाम रखा गया था सेकंड प्राइस 35000 इस टूर्नामेंट के ऑर्गेनाइजर सैयद इलियास अहमद ने कहा इतना अच्छा टूर्नामेंट फूलपुर के ऐतिहासिक जमीन पर खेला गया और यहां दर्शकों का भरपूर सहयोग मिला हम आगे भी ऐसे ही टूर्नामेंट का आयोजन करते रहेंगे फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच के विजेता अजहर अली को दिया गया और प्लेयर ऑफ द सीरीज रविंनदु प्रतापगढ़ को दिया गया।

## सम्पादकीय

### ओडिशा ट्रेन हादसे के बाद उठ रहे सवाल, कैसे सेफ हो रेल यात्रा?

ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार शाम को हुई ट्रेन दुर्घटना ने पूरे देश को सकते में डाल दिया है। देश के इतिहास के सबसे भीषण रेल हादसों में शामिल की जा रही इस घटना में तीन ट्रेनें एक-दूसरे से टकराई हैं। पहले कोरोमंडल एक्सप्रेस गलत ट्रैक पर आकर वहां खड़ी मालगाड़ी से टकराई, जिससे उसके कई डब्बे पटरी से उतर कर दूसरी ट्रैक पर चले गए। वहां दूसरी तरफ से आ रही बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस इन डब्बों पर चढ़ गई। हताहतों की बड़ी संख्या के अलावा दुर्घटना की इस प्रकृति ने भी आम जनमानस को झकझोर कर रख दिया है। भारतीय रेलवे रोज औसतन सवा करोड़ से ज्यादा लोगों को मंजिल तक पहुंचाती है। ऐसे में इस तरह की दुर्घटना उनके मन में रेलवे सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल पैदा कर सकती है। फिलहाल सरकार का पूरा ध्यान राहत कार्य और दुर्घटना में घायल हुए लोगों के इलाज पर है, जो ठीक भी है। इस संदर्भ में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की प्रतिक्रिया खास तौर पर ध्यान देने लायक है, जिसने इस दुर्घटना से जुड़े असुविधाजनक सवालों को यह कहकर स्थगित रखा है कि फिलहाल सर्वोच्च प्राथमिकता राहत और बचाव कार्यों को दिया जाना चाहिए। मगर यह बात भी सही है कि नीतिगत और व्यवस्थागत खामियों की ओर ध्यान दिलाने का भी यही वक्त होता है, जब आम लोग उन सवालों के जवाब जानना चाहते हैं, जिन्हें सामान्य दिनों में एक्सपट्र्स के सोचने-समझने वाले तकनीकी विषय मानकर छोड़ दिया जाता है। इस लिहाज से देखा जाए तो हाल के दिनों में पब्लिक परसेप्शन यह बना है कि सरकार स्पीड बढ़ाने और नई-नई ट्रेनें शुरू करने पर जितना ध्यान दे रही है, उतना कमजोर और पुराने पड़ते इन्फ्रास्ट्रक्चर को दुरुस्त करने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर नहीं दिया जा रहा। हालांकि रेलवे डिपार्टमेंट आंकड़ों के जरिए इस धारणा का खंडन करता है। उसके मुताबिक 2017-18 में एक लाख करोड़ रुपये का पंचवर्षीय सुरक्षा कोष बनाया गया था, जिसे 2022-23 में 45000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त रकम के साथ एक्टसटेंड कर दिया गया।

उसका यह भी कहना है कि रेल यात्रा की सुरक्षा के पहलू पर लगातार काम करते रहने के ही कारण इस मोर्चे पर स्थिति में सुधार देखा जा रहा है। 2013-14 में प्रति दस लाख किलोमीटर पर 0.10 दुर्घटना की औसत संख्या 2022-23 तक और कम होकर 0.03 पर आ गई थी। लेकिन शुक्रवार की दुर्घटना का सबक यह है कि ऐसे एकाध हादसे भी रेल यात्रा की सुरक्षा को लेकर आम लोगों के मन में वैसी आशंका पैदा कर सकते हैं, जो ऐसे दर्जनों आंकड़ों से दूर नहीं की जा सकती। इसलिए इस दुर्घटना के कारणों की तह तक जाकर उन्हें दूर करने के कारगर उपाय भी लोगों की नजर में लाए जाने चाहिए।

## पहले राहुल ने मुँह मोड़ा, अब प्रियंका भी यूपी प्रभारी पद छोड़ेंगी और अपनी पीएम उम्मीदवारी पर ध्यान देंगी

आम चुनाव में अब कुछ ही महीने का समय ही बचा है। सभी दलों के नेता गठबंधन करने और चुनाव जीतने के लिए रणनीति बना रहे हैं। उधर, लोकसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक नेता अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाताओं की परिक्रमा कर रहे हैं। सभी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियों में सियासी हलचल बढ़ी हुई है। उत्तर प्रदेश में भी यही स्थिति है। भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के भीतर चुनावी मंथन का दौर चल रहा है, लेकिन पूरे परिदृश्य से कांग्रेस पूरी तरह से गायब है। ऐसे समय में जब कर्नाटक जीतने के बाद कांग्रेस का सियासी पारा बढ़ा हुआ है तब भी यूपी में कांग्रेस 'कोमा' में नजर आ रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद राहुल गांधी ने तो यूपी से दूरी बना ही ली है, उनकी जगह यूपी कांग्रेस में जान फूंकने आईं कांग्रेस महासचिव और यूपी की प्रभारी प्रियंका वाड्रा ने भी यूपी की राजनीति से मुंह मोड़ लिया है। कभी कधार ट्विटर के जरिए जरूर प्रियंका अपनी उपस्थिति दर्ज करा लेती हैं। वर्ना तो उनका यूपी से कोई नाता ही नहीं रह गया है। अब तो चर्चा यह भी चल रही है कि प्रियंका वाड्रा का भी यूपी कांग्रेस प्रभारी पद से मन भर गया है। प्रियंका यूपी की राजनीति से पूरी तरह से किनारा करके राष्ट्रीय राजनीति में अपनी जगह बनाना चाहती हैं। जहां उनके लिए उम्मीदें ज्यादा हैं। उनके लिए यहां पीएम की कुर्सी के लिए पिच पर टिका रहना ज्यादा आसान लगता है। अगले वर्ष लोकसभा चुनाव होना है और राहुल गांधी को मानहानि के एक केस में सजा सुनाए जाने के बाद उनके चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा हुआ है जबकि सजा सुनाए जाने से पूर्व तक राहुल गांधी को ही कांग्रेस की तरफ से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार माना जाता था। बदली परिस्थितियों में प्रियंका को अपने लिए काफी संभावनाएं दिख रही हैं। ऐसे में उनका यूपी कांग्रेस का प्रभारी बने रहने का कोई औचित्य भी नहीं बचा है।

सूत्रों की मानें तो आगामी चुनाव की तैयारियों को देखते हुए राज्य में कांग्रेस को जल्द ही नया प्रभारी मिल सकता है। दावा है कि कई राज्यों में चुनाव में व्यस्तता के चलते प्रियंका गांधी अपना प्रभारी पद छोड़ सकती हैं। हालांकि पार्टी में नए नामों को लेकर मंथन शुरू हो गया है। सूत्रों के अनुसार, कई नाम यूपी कांग्रेस प्रभारी की रेस में हैं। हरीश रावत और तारिक अनवर का नाम इस रेस में सबसे आगे बताया जा रहा है। इनको कांग्रेस का राज्य में प्रभार दिया जा सकता है। हालांकि अभी पार्टी जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं लेना चाहती है। यूपी में कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का भी ऐलान होना है, इसको लेकर भी कई नामों पर चर्चा चल रही है। माना जा रहा है कि प्रदेश कार्यकारिणी में क्षेत्रीय अध्यक्षों को जगह दी जा सकती है। राजनीतिक के जानकारों की मानें तो कर्नाटक चुनाव के बाद पार्टी में संगठन स्तर पर कुछ नेताओं की जिम्मेदारी को बढ़ाया जा सकता है। खास तौर पार्टी में राजस्थान, मध्य प्रदेश और



छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी को देखते हुए ये बदलाव काफी अहम होगा। सूत्रों की मानें तो कर्नाटक में जीत के बाद कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की भूमिका बदलेगी। वह चुनावी राज्यों में ज्यादा समय देंगी। बता दें कि इस साल के अंत तक राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में चुनाव होने वाले हैं। कांग्रेस की सरकार राजस्थान और छत्तीसगढ़ में है, जबकि बीजेपी की सरकार मध्य प्रदेश में है। हालांकि कर्नाटक में जीत के बाद अब कांग्रेस ने इन राज्यों में तैयारी तेज कर दी है, लेकिन कांग्रेस के लिए राजस्थान में हालात काफी खराब हैं। यहां कांग्रेस के लिए वापसी आसान नहीं होगी, इसीलिए कांग्रेस ने यहां कई लोकलुभावन घोषणाएं की हैं। 200 यूनिट बिजली तो उपभोक्ताओं को फ्री में मिलने भी लगी है।

बहरहाल, बात प्रियंका के बाद उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की स्थिति की कि जाए तो यहां पार्टी के पास जनाधार वाले नेताओं का पूरी तरह से टोटा है। ज्यादातर नेता उम्रदराज हो चुके हैं, कांग्रेस ने नई पीढ़ी के नेताओं को कभी तवज्जो नहीं दी, जिसकी वजह से नई लीडरशिप भी तैयार नहीं हो पाई है। 80 लोकसभा सीटों वाली यूपी में यदि कांग्रेस का रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा तो उसके लिए अगले वर्ष केन्द्र में सत्ता की राह आसान नहीं होगी। दरअसल,प्रदेश कांग्रेस की अंतरकलह और बिखरा प्रबंधन उस पर फिर भारी पड़ा है। कभी-कभी सत्ताधारी दल भाजपा की नीतियों के विरोध को हथियार बनाकर कांग्रेस कुछ हमलावर तो दिखती है पर लोगों में विश्वास कायम नहीं कर पाती है। पदाधिकारियों की आपसी खींचतान इतनी बुरी तरह से हावी है कि कार्यकर्ता भी खेमेबंदी में उलझकर रह गए हैं। वोटों में उसकी भागीदारी भी घटती रही है।

यह दशा लोकसभा चुनाव-2024 में उसके प्रदर्शन को लेकर चिंता की लकीरों को और बड़ा करती हैं। कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने आठ अक्टूबर, 2022 को पदभार संभाला था। उनके साथ ही पार्टी ने प्रदेश को छह प्रांतों में बांटकर पहली बार प्रांतीय अध्यक्ष के रूप में नया प्रयोग भी किया। जातीय समीकरणों के आधार पर अपने नेताओं को नई जिम्मेदारी सौंपी गई। नसीमुद्दीन सिद्दीकी को पश्चिमी प्रांत, नकुल दुबे को अवध, अनिल यादव को बृज, वीरेन्द्र चौधरी को पूर्वांचल, योगेश दीक्षित को बुंदेलखंड व अजय राय को प्रयाग प्रांत का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इन सभी के लिए नगर निकाय चुनाव पहली परीक्षा थी। दूसरे दलों के लिए लोकसभा चुनाव-2024 से पहले निकाय चुनाव भले ही सेमीफाइनल रहा हो पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व प्रांतीय अध्यक्षों के लिए अपना दमखम दिखाने का पहला मौका था, जिसमें यह कोई करिश्मा नहीं कर सके। देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी की उत्तर प्रदेश में दुर्दशा की यह कहानी पुरानी है। 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी के सभी 399 प्रत्याशियों को कुल मिलाकर 21,51,234 वोट मिले थे, जो कि कुल पड़े मतों का 2.33 प्रतिशत था। इससे पूर्व वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 114 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे, जिन्हें कुल 54,16,540 वोट मिले थे। कांग्रेस के हिस्से 6.25 प्रतिशत वोट आए थे। तब कांग्रेस गठबंधन के साथ चुनाव मैदान में थी और फिर 2022 में अकेले दम किस्मत आजमाई थी। वोटों के प्रतिशत का अंतर उसकी घटती ताकत को खुद बयां करता है। वहीं 2017 के निकाय चुनाव में कांग्रेस को 10 प्रतिशत मत मिले थे और वह भाजपा, सपा व बसपा से काफी पीछे रही थी। 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को दो सीटें मिली थीं और पार्टी का वोट प्रतिशत 7.53 रहा था। 2019 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के हाथ एक जीत ही लगी थी। यह भी साफ है कि हर चुनाव में कांग्रेस अपने खोए जनाधार को लौटाने की कोई कारगर जुगत लगाने में नाकाम रहती है, अब तो उसके पास को तुरूप का इक्का भी नहीं बचा है, जिस तुरूप के इक्के प्रियंका वाड्रा पर कांग्रेस को काफी नाज था, वह यूपी में पूरी तरह से फिसड्डी साबित हुईं।

## शिक्षा की दुकानें बढ़ रही हैं लेकिन उच्च शिक्षा की गुणवत्ता रैंकिंग में हम पिछड़ते जा रहे हैं

आजादी के अमृत काल में जब चहूं ओर से अनेक गौरवान्वित करने वाली खबरें आती हैं, वहीं कभी-कभी कुछ निराश करने वाली खबरें भी आत्म-मूल्यांकन को प्रेरित करती हैं। ऐसी ही एक खबर भारत की उच्च-शिक्षा को लेकर है। हमारे देश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में संख्यात्मक दृष्टि से काफी तरक्की हुई है लेकिन बात गुणात्मक दृष्टि की करते हैं तो निराशा ही हाथ लगती है। नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआइआरएफ) 2023 की ओवरऑल रैंकिंग सूची को देखकर भी ऐसा ही लगता है। एक बड़ा सवाल है कि हम गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा की सूची में क्यों नहीं अव्वल आ पा रहे हैं। यह सवाल सत्ता के शीर्ष नेतृत्व को आत्ममंथन करने का अवसर दे रहा है, वहीं शिक्षा-निर्माताओं को भी सोचना होगा कि कहां उच्च-शिक्षा के क्षेत्र में त्रुटि हो रही है कि हम लगातार गुणवत्ता पूर्ण उच्च शिक्षा की सूची में सम्मानजनक स्थान नहीं बना पा रहे हैं।

शिक्षा मंत्रालय हर साल शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग जारी करता है। इस बार एनआईआरएफ रैंकिंग के मुताबिक आईआईटी मद्रास को देश का सर्वेश्रेष्ठ शिक्षण संस्थान घोषित किया गया है। जबकि दूसरे नम्बर पर भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलुरु है। इंजीनियरिंग कैटेगरी में आईआईटी मद्रास की रैंक लगातार आठवें वर्ष भी बरकार रही है। इसके बाद आईआईटी दिल्ली दूसरे नम्बर पर और तीसरे नम्बर पर आईआईटी मुम्बई है।?इसी तरह मैनेजमैंट कालेज, फार्मेसी कालेज, लॉ कालेजों की भी रैंकिंग की गई। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत में शिक्षा सुधार लगातार जारी है। उच्च शिक्षा उद्योग पर्याप्त शिक्षण क्षमता प्रदान करने के लिए संघर्ष कर रहा है लेकिन विडम्बना यह है कि भारत का कोई भी संस्थान वैश्विक शीर्ष सौ संस्थानों में अपनी जगह नहीं बना पाया। वैश्विक टॉप 200 में केवल तीन भारतीय संस्थान ही जगह बना पाए हैं। कुल मिलाकर 41 भारतीय संस्थान और विश्वविद्यालय हैं जिन्होंने इस वर्ष क्यूएस विश्वविद्यालय रैंकिंग सूची में जगह बनाई है। आइआइटी हो या आइआइएम या फिर कॉलेज और विश्वविद्यालय, रैंकिंग के टॉप टेन में जगह बनाने वाली शिक्षण संस्थाओं में पिछले सालों से एक से नाम ही नजर आते हैं। यह तो लगता है कि ये संस्थाएं अपनी गुणवत्ता बनाए हुए हैं पर यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि दूसरी उच्च शिक्षण संस्थाएं आखिर टॉप सूची में आने से क्यों वंचित रहती हैं? हम क्या कहकर विदेशी छात्रों को आकर्षित करेंगे? भारत प्राचीन समय में उच्च शिक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केन्द्र रहा है, फिर आजादी के बाद इस विरासत को क्यों नहीं कायम रख पाये? किसी भी शिक्षण संस्थान की गुणवत्ता उसकी फैकल्टी पर निर्भर करती है। फैकल्टी में योग्य और प्रशिक्षित शिक्षक चाहिए। निजी क्षेत्र युवा स्नातकों को?ऐसे प्रोफेसरों के रूप में भर्ती करते हैं जिनके पास कोई अनुभव या ज्ञान नहीं होता। वह ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाना चाहता है। निजी क्षेत्र को छात्रों में रचनात्मकता, नए शोध और नए कौशल को सीखने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहन देने में कोई रुचि नहीं है। देश में आरक्षण प्रणाली बहुत ही विवादास्पद है। उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में आरक्षण प्रणाली अभी भी बाधक बनी हुई है। युवा पीढ़ी को सिर्फ नौकरी और भारी-भरकम वेतन पैकेज लेने में ही अधिक रुचि है। इसलिए अभिभावक भी बच्चों को देश की सेवा के लिए प्रेरित करने की बजाय अच्छी नौकरी तलाश करने के लिए ही प्रेरित करते हैं।

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा घोषित नई शिक्षा नीति की उपयोगिता एवं प्रासंगिकता धीरे-धीरे सामने आने लगी है एवं उसके उद्देश्यों की परतें खुलने लगी है। आखिरकार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी क्रांति की शुरुआत करते हुए अगस्त तक डिजिटल यूनिवर्सिटी के शुरू होने और विदेशों के ऑक्सफोर्ड, कैंब्रिज और येल जैसे उच्च स्तरीय लगभग पांच सौ श्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थानों के भारत में कैंपस खुलने शुरू हो जायेंगे। अब भारत के छात्रों को विश्वस्तरीय शिक्षा स्वदेश में ही मिलेगी और यह कम खर्चीली एवं सुविधाजनक होगी। इसका एक लाभ होगा कि कुछ सालों में भारतीय शिक्षा एवं उसके उच्च मूल्य मानक विश्वव्यापी होंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की यह अनूठी एवं दूरगामी सोच से जुड़ी सराहनीय पहल है। यह शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाओं का अभ्युदय है। भारत में दम तोड़ रही उच्च शिक्षा को इससे नई ऊर्जा मिलेगी। बुझा दीया जले दीये के करीब आ जाये तो जले दीये की रोशनी कभी भी छलांग लगा सकती है। खुद को विश्वगुरु बताने वाले भारत का एक भी विश्वविद्यालय दुनिया के 100 विश्वविद्यालयों में शामिल नहीं है। भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु ने 155वां वैश्विक रैंक हासिल किया है जो पिछले साल 186वें स्थान से ऊपर है और भारतीय संस्थानों में पहले स्थान पर है। आईआईएससी बेंगलुरु साइटेशन पर फैकल्टी इंडिकेटर में विश्व स्तर पर शीर्ष संस्थानों में भी उभरा है। यह संस्थानों द्वारा उत्पादित अनुसंधान के वैश्विक प्रभाव को इंगित करता है। शीर्ष 200 में अन्य दो स्थानों पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे और आईआईटी दिल्ली वैश्विक 172वें और 174वें स्थान पर हैं। विशेष रूप से, आईआईटी बॉम्बे और आईआईटी दिल्ली दोनों ने पिछले साल से आईआईटी बॉम्बे को 177वें और आईआईटी दिल्ली को पिछले साल 185वें स्थान से अपग्रेड किया। इससे पता चलता है कि शीर्ष 300 वैश्विक विश्वविद्यालयों/संस्थानों में छह भारतीय संस्थान अपनी पहचान बना सकते हैं।

ब्लॉग........

### प्रशासन के कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करूंगा




राजेश सिंह थाना प्रभारी पिपरी सोनभद्र

कानून की रक्षा करना और लोगों से कानून का पालन करवाना पुलिस का कर्तव्य होता है समाज में बढ़ रहे अपराधों पर अंकुश लगाना पुलिस का धर्म होता है राजनेताओं की सुरक्षा करना रास्ते पर लड़कों के छेड़खानी को रोकना जुलूस ओं का तरीके से ध्यान रखना देश की संपत्ति को किसी भी तरह के नुकसान से बचाना पुलिस का कर्तव्य होता है और मैं पिपरी थाना क्षेत्र में कार्यरत रहकर इन सभी कर्तव्यों का अनुशासन पूर्वक निर्वहन करने का संपूर्ण प्रयास करूंगा।

## भारतीय बैंकों की स्थिति में पहले से सुधार है लेकिन अभी सतर्कता बनाये रखना जरूरी है

आपको याद होगा कि कुछ समय पूर्व ही भारतीय रिजर्व बैंक ने सरकारी क्षेत्र की 11 बैंकों को, इन बैंकों में खराब कर्ज के खतरनाक स्तर तक बढ़ जाने के कारण, त्वरित सुधारात्मक ढांचे के तहत रखा था। पिछले कुछ वर्षों के दौरान सरकारी क्षेत्र के बैंकों को कम पूंजी आधार, गैर-पेशेवर प्रबंधन, हताश कर्मचारियों और भारी अक्षमताओं सहित कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। परंतु, केंद्र सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक ने भारतीय बैंकों की वित्तीय स्थिति को सुधारने की दृष्टि से कई उपाय किये एवं केंद्र सरकार ने पांच वित्त वर्षों के दौरान (वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2020-21 तक) सरकारी क्षेत्र के बैंकों के पुनर्पूंजीकरण के लिए 3,10,997 करोड़ रुपये का अभूतपूर्व निवेश किया। इससे इन बैंकों को आवश्यक मदद मिली और उनकी ओर से किसी भी चूक की आशंका खत्म हो गई। अभी हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन जारी किया गया है। इस प्रतिवेदन में भारतीय बैंकों की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ बताया गया है एवं इस प्रतिवेदन के अनुसार दिसम्बर 2022 को समाप्त अवधि में भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में पूंजी पर्याप्तता अनुपात 16.1 प्रतिशत, सकल गैरनिष्पादनकारी आस्तियों का प्रतिशत 4.41 प्रतिशत एवं प्रोविजन कवरेज अनुपात 73.20 प्रतिशत हो गया है। वित्तीय वर्ष 2017-18 में सरकारी क्षेत्र के बैंकों ने जहां 85,390 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा दर्शाया था, वहीं वित्तीय वर्ष 2021-22 में इन बैंकों ने 66,539 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया है और अब यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत में सरकारी क्षेत्र के बैंकों का लाभ एक लाख करोड़ के आंकड़े को पार कर सकता है। इस प्रकार सरकारी क्षेत्र के बैंकों का तो एक तरह से कायाकल्प ही हो गया है।

बैंकिंग उद्योग किसी भी देश में अर्थ जगत की रीढ़ माना जाता है। बैंकिंग उद्योग में आ रही परेशानियों का निदान यदि समय पर नहीं किया जाता है तो आगे चलकर यह समस्या उस देश के अन्य उद्योगों को प्रभावित कर, उस देश के आर्थिक विकास की गति को कम कर सकती है। इसलिए पिछले 9 वर्षों के दौरान केंद्र सरकार ने बैंकों की लगभग हर तरह की समस्याओं के समाधान हेतु कई ईमानदार प्रयास किए हैं। गैरनिष्पादनकारी आस्तियों से निपटने के लिए दिवाला एवं दिवालियापन संहिता लागू की गई है। देश में सही ब्याज दरों को लागू करने के उद्देश्य से मौद्रिक नीति समिति बनायी गई है। साथ ही, दिनांक 30 अगस्त 2019 को देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने बैंकिंग क्षेत्र को और अधिक मजबूत बनाए जाने के उद्देश्य से सरकारी क्षेत्र के बैंकों के आपस में विलय की घोषणा की थी। सरकारी क्षेत्र के बैंकों की, समेकन के माध्यम से, क्षमता अनवरोधित (अनलाक) करने के उद्देश्य से सरकारी क्षेत्र के बैंकों के आपस में विलय की घोषणा की गई थी। इन बैंकों के विलय में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया था कि इनके विलय से किसी भी ग्राहक को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो, ये तकनीक के लिहाज से एक ही प्लेट्फार्म पर हों, इन बैंकों की संस्कृति एक ही हो तथा इन बैंकों के व्यवसाय में वृद्धि दृष्टिगोचर हो। वर्ष 2017 में भारत में सरकारी क्षेत्र के 27 बैंक थे लेकिन इनके आपस में विलय के बाद अब केवल 12 सरकारी क्षेत्र के बैंक रह जाएंगे। इस प्रकार देश में सरकारी क्षेत्र के बैंकों को अगली पीढ़ी के बैंकों का रूप दिया जा रहा है। उक्त विलय के बाद इन



सरकारी क्षेत्र के बैंकों के बड़े हुए आकार ने इन बैंकों की ऋण प्रदान करने की क्षमता में अभितपूर्व वृद्धि की है। इन बैंकों की राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत उपस्थिति के साथ ही इनकी अब अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पहुंच बन गई है। विलय के बाद इन बैंकों की परिचालन लागत में कमी आई है जिससे इनके द्वारा प्रदान किए जा रहे ऋणों की लागत में भी सुधार हुआ है। इन बैंकों द्वारा बैंकिंग व्यवसाय हेतु, नई तकनीकी के अपनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है जिससे इनकी उत्पादकता में उल्लेखनीय सुधार होता दिखाई दे रहा है। इन बैंकों की बाजार से संसाधनों को जुटाने की क्षमता में भी सुधार हुआ है।

केंद्र सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक के संयुक्त प्रयासों से भारत में समस्त वर्गीकृत वाणिज्यिक बैंकों में पूंजी पर्याप्तता अनुपात 31 मार्च 2022 को समाप्त अवधि में 16.7 प्रतिशत के सराहनीय स्तर पर पहुंच गया है। जबकि अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुसार, बैंकों में पूंजी पर्याप्तता अनुपात न्यूनतम 8 प्रतिशत (एवं 2.5 प्रतिशत के पूंजी कंजर्वेटिव बफर को मिलाकर 10.5 प्रतिशत) होना बैंकों के लिए आवश्यक माना जाता है। इसी प्रकार, भारत में वर्गीकृत वाणिज्यिक बैंकों की आस्तियों पर आय एवं इक्विटी पर आय भी इस अवधि में संतोषप्रद रही है, जिसके चलते पूंजी पर्याप्तता अनुपात में भी लगातार सुधार हो रहा है, जो मार्च 2020 में 14.7 प्रतिशत से बढ़कर सितम्बर 2020 में 15.8 प्रतिशत हो गया एवं मार्च 2021 में 16 प्रतिशत होकर मार्च 2022 में 16.7 प्रतिशत हो गया है। वर्गीकृत वाणिज्यिक बैंकों में सकल गैरनिष्पादनकारी आस्तियों एवं शुद्ध गैरनिष्पादनकारी आस्तियों का प्रतिशत भी 30 सितम्बर 2022 को समाप्त तिमाही में कम होकर 5.0 प्रतिशत (पिछले 7 वर्षों के न्यूनतम स्तर पर) एवं 1.3 प्रतिशत (पिछले 10 वर्षों के न्यूनतम स्तर पर) क्रमशः हो गया है। सकल गैरनिष्पादनकारी आस्तियां मार्च 2020 में 8.4 प्रतिशत, मार्च 2021 में 7.3 प्रतिशत एवं मार्च 2022 में 5.9 प्रतिशत रही हैं। साथ ही, शुद्ध गैरनिष्पादनकारी आस्तियां मार्च 2020 में 3.0 प्रतिशत, मार्च 2021 में 2.4 प्रतिशत एवं मार्च 2022 में 1.7 प्रतिशत की रही हैं। कोरोना महामारी के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक ने प्रभावित हुए ऋण खातेदारों को उनके द्वारा अदा किये जाने वाले ब्याज एवं किश्त की अदायगी में छूट प्रदान की थी, जिसके कारण भी गैर निष्पादनकारी आस्तियों में कमी दृष्टिगोचर हुई है। परंतु उक्त बैंकों के प्रोविजन कवरेज अनुपात में सुधार हुआ है और यह मार्च 2021 के 67.6 प्रतिशत से बढ़कर 31 मार्च 2022 को 70.9 प्रतिशत हो गया है। इसका आशय यह है कि इन बैंकों ने अपने खातों में गैरनिष्पादनकारी आस्तियों के लिए पर्याप्त मात्रा में प्रोविजन कर लिया है। यदि आगे आने वाले समय में इन गैरनिष्पादनकारी आस्तियों में समस्या होती है तो बैंकों को इस प्रकार की समस्या से निपटने में आसानी होगी। अभी हाल ही में किए गए एक आंकलन के अनुसार अमेरिका के 160 बड़े बैंकों (जिनके पास 500 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि की आस्तियां हैं) को 20,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ है। अमेरिका की रेटिंग संस्थाओं स्टैंडर्ड एंड पूअर्स एवं फिच ने कुछ बैंकों की रेटिंग घटाकर जंक श्रेणी में डाल दी है क्योंकि यह बैंक अपने जमाकर्ताओं को राशि वापिस करने की स्थिति में नहीं हैं। अमेरिका के सबसे बड़े बैंकों को भी भारी आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि इनके अमेरिकी बांड्ज में किए गए निवेश की बाजार कीमत कम हो गई है। सिटी बैंक समूह को 4,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर, बैंक ऑफ अमेरिका को 2,120 करोड़ अमेरिकी डॉलर, जेपी मोर्गन चेज को 1,730 करोड़ अमेरिकी डॉलर, टरुइस्ट फायनैन्शल को 1,360 करोड़ अमेरिकी डॉलर, वेल्ज फार्गो को 1,340 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं यूएस बैंक कॉर्प को 1,140 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ है। यह सभी बड़े बैंक हैं अतः इस नुकसान को सहन कर जाएंगे परंतु छोटे बैंक तो असफल (फैल) ही हो जाने वाले हैं। अभी तक दो बैंक (सिलिकॉन वैली बैंक एवं सिग्नेचर बैंक) बंद हो चुके हैं और 6 अन्य छोटे आकार के बैंकों (फर्स्ट रिपब्लिक बैंक, वेस्टर्न अलाइन्स बैंक, पैकवेस्ट, यूएमबी फायनैन्शल सहित) पर गम्भीर संकट आ गया था।

# बॉलीवुड मॉडल और अभिनेता शाहिद कपूर

मुम्बई। अपने करियर की शुरुआत, संगीत विडियो और विज्ञापन में काम कर के की, कपूर ने पहली बार बॉलीवुड में सुभाष घई कीताल (1999) में पृष्ठभूमि में डांसर के रूप में काम किया। 4 साल के बाद, उन्होंने इश्क विश्क (2003) में मुख्य अभिनेता के रूप में काम किया और अपने अच्छे प्रदर्शन के लिए फ़िल्म फेयर बेस्ट मेल डेब्यू पुरस्कार जीता। अपनी फिल्मों जैसे फिदा (2004) और शिखर (2005) में किए गए प्रदर्शन के लिए उनकी बहुत अधिक समीक्षा की गई, उन्हें अपनी पहली व्यावसायिक सफलता सूरज आर के साथ मिली। बड़जात्या की विवाह (2006), उनकी सबसे बड़ी व्यापारिक सफलता थी और बाद में उन्होंने इसे जब वी मेट (2007) के साथ जारी रखा।। तब से, उन्होंने अपने आप को फ़िल्म उद्योग का एक सफल अभिनेता के रूप में स्थापित कर लिया है। एक अभिनेता के रूप में अपने करियर की शुरुआत करने से पहले, शाहिद कई संगीत विडियो और विज्ञापनों में काम कर चुके थे, जिसमें पेप्सी (झज्ेग) का व्यावसायिक विज्ञापन शामिल है, उन्होंने कुछ कुछ होता हैके बाद शाहरुख खान, काजोल और रानी मुखर्जी के साथ काम किया, (1997)। ऐसा करने के दोरान, उन्होंने कला के प्रदर्शन के लिए शामक डावर संस्थान (एउर्ध्ई) में जाने का निश्चय किया, जहाँ बाद में उन्हें सुभाष घई की फ़िल्म ताल में पृष्ठभूमि में डांसर के रूप में देखा गया, यह डांस उन्होंने अभिनेत्री ऐश्वर्या राय के साथ, गाने कहीं आग लगे लग जावे में किया। 2003 में कपूर ने केन घोष की सामान्य रूप से सफल प्रेम कहानी इश्क विश्क में प्रमुख भूमिका निभाई, जिसमे वे राजीव माथुर नामक स्वचंदा युवा बने थे। अमृता राव और शहनाज के विपरीत प्रदर्शन करने वाली फ़िल्म का आलोचकों ने स्वागत किया और कपूर के प्रदर्शन ने उन्हें फ़िल्म फेयर बेस्ट मेल डेबुट पुरस्कार दिलाया। 2005 में तीन और फिल्में आई, जिन्होंने कपूर की सफलता को जारी रखा ।यद्यपि, उन्होंने जयदेव वर्धन नामक व्यक्ति की भूमिका निभायी, जो धन और लालच की दुनिया में आकर जॉन एम बन गया। मत्थान की ड्रामा शिखर समीक्षकों द्वारा सराही गई, इसने उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के नामांकन के लिए स्टार स्क्रीन पुरस्कार दिलाया। इंडिया इश् के अनुसार,क शहीद कपूर एक ऐसे अभिनेता हैं जो हर फ़िल्म के साथ अपने आप को बेहतर बना रहे हैं। वे लगभग सभी दृश्यों में अजय के समान लगते हैं।क 2006 में स्थितियों में परिवर्तन आया कपूर को बॉक्स ऑफिस पर अपनी पहली सफलता मिली, ये सफलता मल्टी-स्टारर फ़िल्म 36 चाईना टाऊन के लिए मिली। सात व्यक्तियों और एक हत्या, के चारों और घुमती हुई इस कहानी को, आर्थिक सफलता प्राप्त करने के बावजूद, आलोचकों की मिश्रित समीक्षा प्राप्त हुई। फ़िल्म के रिलीज होने के कुछ समय बाद ही, कपूर की साल की दूसरी फिल्म रिलीज़ हुई; प्रियदर्शन की कॉमेडी चुप चुप के । फ़िल्म को बॉक्स ऑफिस पर मध्यम सफलता मिर्ली कपूर की 2006 की अंतिम रिलीज थी सूरज बड़जात्या की रोमांटिक ड्रामा विवाह, इसमें दो लोगों की सगाई से लेकर शादी तक के समय का सजीव चित्रण किया गया है। सह कलाकार अमृता राव के साथ काम करते हुए, फ़िल्म ने अधिकाँश समीक्षकों की सराहना प्राप्त की, यह साल की सबसे अधिक आमदनी वाली फ़िल्म बन गई, साथ ही यह अब तक कपूर की सबसे बड़ी व्यावसायिक सफलता थी। कपूर के प्रदर्शन को दर्शकों और समीक्षकों के द्वारा सराहा गया, उन्हें लगातार दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के स्टार स्क्रीन पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। 2006 की गर्मियों के दौरान, कपूर अपने पहले विश्व दौरे पर रॉकस्टार्स कॉन्सर्ट बॉलीवुड के सितारों के साथ, सलमान खान, करीना कपूर, जॉन अब्राहम, ईशा देओल, मल्लिका शेरावत और जायेद खान गए। 2007 में, कपूर दो फिल्मों में आए। उनकी पहली रिलीज़



थी अहमद खान की फुल एन फाइनल। फ़िल्म को नकारात्मक समीक्षा मिली और बॉक्स ऑफिस पर ये बहुत अच्छा नहीं कर पाई; कपूर के प्रदर्शन को बहुत अच्छी तरह से स्वीकार नहीं किया गया। उनकी अगली फिल्म, इम्तियाज अली की कॉमेडी-रोमांस जब वी मेट में करीना कपूर के विपरीत, साल की एक सबसे बड़ी हिट बन गई। फ़िल्म की कहानी दो विपरीत व्यक्तित्व वाले लोगों के बारे में है जो एक दूसरे से एक ट्रेन में मिलते हैं और अंत में उन्हें एक दूसरे से प्यार हो जाता है। कपूर, आदित्य कश्यप के भूमिका में हैं जो एक युवा, निराश, उद्योगपति है।

# फैशन डिजाइनर बता रही हैं कौन सी टी-शर्ट है बेहतर

लड़कियों के पहनावे में उनके पास ढेरों ऑप्शन हैं लेकिन जब बात लड़कों की हो तो उनके लिए ऑल टाइम फेवरेट टी-शर्ट ही है। कॉलेज जाना हो या जांगिंग, या फिर ऑफिस, हर जगह उन्हें टी-शर्ट ही भाता है। लड़कों की इसी पंसद को देखते हुए ही बाजार में तरह-तरह की कलरफुल टी-शटर्स की बहार छा गई है। कूल लुक देने वाली इन टी-शटर्स की अलग-अलग वैरायटी मौजूद हैं। फैशन डिजाइनर कनिका सेठ बता रही हैं इन्हीं टी-शटर्स के बारे में- **प्लेन टी-शटर्स :** प्लेन टी-शटर्स में नेक स्टाइल और रंग आप अपनी पंसद के हिसाब से चुन सकते हैं। नेक स्टाइल की बात करें तो इन टी-शटर्स में वी नेक, राउंड नेक, चाइनीज कॉलर नेक, बोट नेक और ट्यूब नेक आदि ज्यादा चलन में हैं। इन टी-शटर्स की खास बात यह है कि इनके साथ आप पसंद की ऐससेरीज भी पहन सकते हैं। इसमें सिर्फ रंग देख कर मिक्स और मैच करने की जरूरत होती हैं। विभिन्न ब्रांडेड शोरूम व मार्केट में दो-तीन प्लेन टी-शटर्स के पैक भी मिलते हैं जो डिजाइनर टी-शटर्स के मुकाबले बेहद किफायती हैं। **प्रिंटेड टी-शटर्स :** अगर प्रिंटेड टी-शटर्स की बात की जाए तो इसके नए कलेक्शन की तो 3डी प्रिंट की काफी डिजाइनर टी-शटर्स बाजार में देखने को मिल रही हैं। वहीं फ्लावर प्रिंट, एनिमल प्रिंट और डिजिटल प्रिंट भी युवाओं को खूब पसंद आ रहा है। **टी-शटर्स विद स्लोगन :** हर साल की तरह इस साल भी स्लोगन वाली टी-शर्टस सभी को खूब पसंद आ रही है। इनमें कैची स्लोगन वाली टी-शटर्स का कॉलेज जाने वाले लड़के-लड़कियों में खासा क्रेज देखने को मिल रहा है। इनमें भी चटख रंग खासा पसंद किए जा रहे हैं। इसमें लांग व शॉर्ट टीज की नई कलेक्शन यूथ को खूब भा रही है। साथ ही कटाक्ष भरे स्लोगन वाली टी-शर्टस की भी बाजार में अच्छी-खासी धूम है। इस प्रकार की टी-शटर्स रणबीर कपूर, सोहेल खान, सलमान खान जैसे बॉलीवुड स्टार्स की भी हमेशा से पहली पसंद रही हैं। **कार्टून कैरेक्टर वाली टी-शर्ट :** कार्टून कैरेक्टर वाली टी-शर्ट आज सिर्फ बच्चों को ही नहीं, बल्कि यूथ के दिल को भी काफी लुभा रही है। मिकी माउस से लेकर डॉनल्ड डक और डोरेमॉन वाली टी-शर्ट लड़के-लड़कियां खूब पसंद कर रहे हैं। पार्टी से लेकर कॉलेज तक इन्हें पहने हुए युवा आसानी से दिखाई दे जाते हैं। मार्केट में लड़कियों के लिए जहां सफेद, पिंक, रेड, ब्लैक आदि कई रंगों में मिकी-डॉनल्ड, पॉपई, डोरेमॉन आदि की टी-शर्ट हैं वहीं लड़कों को सफेद, काली, ग्रीन, ब्लू आदि रंग काफी पसंद आ रहे हैं। **डबल टीशर्ट :** डबल टीशर्ट का भी युवाओं में इन दिनों खासा क्रेज देखने को मिल रहा है। इस ट्रेंड के तहत दो अलग-अलग टीशर्ट पहनी जाती हैं। इनमें एक टी-शर्ट पूरी बाजू व कॉलर की होती है जबकि एक आधी बाजू की। पूरी बाजू की कॉलर वाली टी-शर्ट नीचे पहनी जाती है जबकि आधी बाजू की गोल गले वाली टी-शर्ट उपर पहनी जाती है। पहले इसी प्रकार की एक टी-शर्ट आती थी जिसमें कॉलर और बाजू अलग रंग के होते थे।



# मुंबई एयरपोर्ट पर सेल्फी क्लिक करने की कोशिश कर रहे फैन को संजय दत्त ने धक्का दिया, लोग बोले- इतना एटिट्यूड?

मुम्बई। संजय दत्त बॉलीवुड के ऐसे एक्टर है जो अपने स्वैग के लिए जानें जाते हैं। उनका स्टाइल उनका अंदाज लोगों को काफी पसंद है इस लिए एक लंबी भीड़ संजय दत्त को पंसद करती हैं। इसके अलावा संजय अपनी एक्टिंग से भी लोगों को प्रभावित करते हैं। काफी समय से संजय दत्त मुंबई में नहीं थे। अभिनेता संजय दत्त मुंबई लौट आए और तुरंत ही एक विवाद में फंस गए। ऑल-ब्लैक पठान सूट पहने, अभिनेता को मुंबई हवाई अड्डे से बाहर निकलते देखा गया और उन्होंने लोगों का बहुत ध्यान आकर्षित किया। हालांकि संजय जल्दबाजी में दिखे और प्रशंसकों के साथ सेल्फी लेने के मूड में नहीं थे। पैपराजी अकाउंट्स पर संजय दत्त की एयरपोर्ट से बाहर निकलते हुए वीडियो है।कुछ प्रशंसकों को अभिनेता के पीछे एक तस्वीर लेने के लिए दौड़ते देखा जा सकता है, लेकिन अभिनेता ने अपना चेहरा दूसरी तरफ कर लिया। उन्हें एक प्रशंसक के हाथ को धक्का देते हुए भी देखा गया, क्योंकि उसने उनकी अनुमति के बिना तस्वीर क्लिक करने



की कोशिश की थी। प्रशंसकों द्वारा पीछा किए जाने पर अभिनेता नाराज दिखे। सेल्फी क्लिक करने की कोशिश करते हुए व्यक्ति को संजय दत्त के साथ चलते देखा गया। अभिनेता ने उसका हाथ हटा लिया और चलना जारी रखा। एक अन्य प्रशंसक ने भी एक क्लिक के लिए प्रयास किया लेकिन संजय दत्त ने उसे भी हटा दिया। फैन्स के साथ संजय दत्त के इस बर्ताव पर ऑनलाइन खूब प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। एक प्रशंसक ने लिखा, 'सर फैन को धक्का दे रहे है,' जबकि दूसरे ने लिखा, 'बापरे इतना घमांड।' कुछ लोगों ने यह भी बताया कि उस व्यक्ति ने सेल्फी क्लिक करने से पहले अभिनेता से अनुमति नहीं ली थी।

# कमल हासन ने मणिरत्नम के 67वें जन्मदिन पर शेयर किया दिल छू लेने वाला नोट, दोस्ती को लेकर कही बड़ी बात

मुम्बई। दक्षिण फिल्मों के सुपरस्टार कमल हासन और पीरियड ड्रामा फिल्म बनाने के लिए जाने जानें मणिरत्नम की दोस्ती किसी से छुपी हुई नहीं है। मणिरत्नम आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं और ऐसे में कमल हसन का खास संदेश न आये ऐसा हो ही नहीं सकता है। कमल हासन ने ट्विटर पर फिल्म निर्माता के जन्मदिन पर एक विशेष पोस्ट शेयर की है। मणिरत्नम, जिन्हें कुछ समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्मों को बनाने का श्रेय दिया जाता है, 2 जून को 67 वर्ष के हो गए। रत्नम ने हाल ही में पोन्नियिन सेलवन छ्का निर्देशन किया, जिसमें विक्रम, ऐश्वर्या राय, त्रिशा, कार्थी और सोभिता धूलिपाला ने मुख्य भूमिकाएँ निभाईं। मणिरत्नम के 67वें जन्मदिन पर कमल हासन ने ट्विटर पर अपने संदेश और सिनेमा के लिए उनकी दृष्टि की सराहना करते हुए फिल्म निर्माता के साथ अपने बंधन का वर्णन करते हुए एक हार्दिक



नोट लिखा। कमल ने लिखा है कि मणि अगली पीढ़ी के फिल्म निर्माताओं को प्रेरित कर रहे हैं जो उनकी विरासत को आगे बढ़ाएंगे।

अभिनेता-राजनेता ने लाखों लोगों के दिलों को छू लेने वाली निर्देशक की कला पर अपने विचार व्यक्त करते हुए एक पुरानी तस्वीर साझा की, जो फिल्म के ऑडियो लॉन्च इवेंट की लगती है। कमल ने लिखा 'यदि कोई जीवन को उन खुशियों से गिनता है जो वे अपने चारों ओर पैदा करते हैं और यदि उम्र की गणना आपके आसपास के दोस्तों द्वारा की जाती है, तो मेरे प्रिय क्ष्मणिरत्नम आप आज बहुत बड़े आदमी होने जा रहे हैं! भारतीय सिनेमा के एक दिग्गज जिन्होंने अपनी कला के माध्यम से लाखों लोगों के दिलों को छुआ है और जिन्होंने संवादों को एक सुंदर दृश्य अनुभव में बदल दिया है।

# हिंदी और दक्षिण फिल्मों के जादूगर हैं मणिरत्नम, देश ही नहीं विदेशों में भी कमाया नाम

मुम्बई। मणि रत्नम हिंदी सिनेमा के फेमस फिल्म निर्माता-निर्देशक हैं। वह मुख्य रूप से तमिल फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। ए आर रहमान जैसे गुणी संगीतकार से हिंदी सिनेमा का परिचय कराने का श्रेय भी मणि रत्नम को जाता है। आज यानी की 2 जून को वह अपना 67वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रहे हैं। उनकी बेहतरीन फिल्मों ने मणि रत्नम को सिनेमा जगत का ध्रुव तारा बना दिया है। मणि रत्नम ने रोजा बांबे, दिल से, गुरु और सथिया जैसी कई बेहतरीन फिल्में हिंदी सिनेमा को दी हैं। आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर मणि रत्नम से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में... **जन्म और शिक्षाः** तमिलनाडु के मदुरै में 2 जून 1956 को मणि रत्नम का जन्म हुआ था। उनका असली नाम गोपाल रत्नम सुब्रमण्यम अय्यर था। मणिरत्नम के पिता रत्नम अय्यर भी एक फेमस फिल्म निर्माता थ। रत्नम अय्यर 'वीनस पिक्चर' जैसी बड़ी प्रोडक्शन कंपनी के साथ काम कर चुके थे। मणि रत्नम ने अपनी स्कूली शिक्षी



चेन्नई से पूरी की थी। जिसके बाद आगे की पढ़ाई उन्होंने मद्रास विश्वविद्यालय से पूरी की। इसके बाद मणि रत्नम ने जमना लाल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडी ईं कर मैनेजमेंट कंसल्टेंट का काम किया।

# फैशनेबल और ट्रेंडी कुर्तियों से गर्मी को कहें बाय-बाय

गर्मियां आते ही ऐसे कपड़े पहनने की जरूरत महसूस होती है, जो इस मौसम के हिसाब से आरामदायक हो और देखने में भी फैशनेबल लगे। गर्मियों में कपड़ों को लेकर युवतियां काफी सजग रहती हैं। चिलचिलाती धूप में बाहर निकलना हो, तो ऐसे कपड़ों की चाह होती है जिससे आराम महसूस हो। आपकी थोड़ी सी सजगता आपकी ड्रेस को आरामदायक बना देगी। गर्मियों में कपड़े ऐसे होने चाहिए, जो आपको आराम दें और ठंडक का अहसास कराएं। सबसे बड़ी बात यह है कि कपड़े ऐसे हों जो आपका पसीना सोखें। शरीर से चिपके नहीं। गर्मियों में कॉटन की मांग सबसे ज्यादा होती है और युवतियों के लिए खास इस मौसम में कॉटन कुर्तियां पहली पसंद हैं। सिंथेटिक और गहरे रंग के कपड़े इस मौसम में कोई भी पसंद नहीं करता। कुर्तियां चाहे कॉटन के कपड़े में हो या शिफॉन में, यह आपको गर्मी में ट्रेंडी और कूल लुक देते हैं। कई युवतियां फूलों के प्रिंट की कुर्तियां पसंद करती हैं तो कई सिंपल। **अलग लुक में रहें कूल :** अक्सर युवतियां जरूरत से ज्यादा ड्रेसअप होती हैं पर ऐसे मौसम में ज्यादा ड्रेसअप होने की जरूरत नहीं पड़ती। गर्मियों में ड्रेसअप का मतलब होता है सही और आरामदायक कपड़े। कई डिजाइनर यह मानते हैं कि गर्मियों में कपड़े हल्के रंग के और सही नाप के पहनने चाहिए। फैब इंडिया कॉटन कुर्तियां गर्मियों के लिए बेहतरीन विकल्प है और यह देखने में काफी अलग लगती हैं। इसे पहनने पर आपका लुक भी औरों से अलग दिखेगा। इस मौसम में कॉटन से बेहतर कोई और विकल्प नहीं। इसलिए इस मौसम में सिंथेटिक कपड़े और गहरे रंग से दूर रहें। **युवतियों में लोकप्रिय :** गर्मियों में अगर रंगों की बात करें तो अक्सर लोग सफेद और हल्के रंग की कुर्तियां ज्यादा पसंद करते हैं। इस मौसम में सी-ग्रीन पीच और हल्के नीले रंग की कुर्तियां ज्यादा पसंद की जाती हैं। तरह-तरह की जींस, लेडिंगस, स्कर्ट, ट्राउजर और पैंट के साथ भी इसे आप पहन सकती हैं। कैप्री, सलवार, और धोती पैंट के साथ भी कुर्ती बहुत फबती है। कुर्ती की बेहतरीन लुक इस बात पर भी निर्भर करती है कि आपने अपनी कुर्ती को कैसे कपड़े के साथ मैच कर पहना है और आपकी एक्सेसरीज कैसी है। कॉटन कुर्ती के साथ अगर आप साधारण नेकपीस पहनेंगी तो बेहतरीन लुक आएगा।



**फैशन और डिजाइन हैं कई :** बाजार कुर्तियों से भरा पड़ा है यह आप पर निर्भर है कि आप कैसी कुर्ती खरीदना या पहनना पसंद करती हैं। तरह-तरह के डिजाइन में मिलने वाली यह कूल कुर्तियां आजकल की युवतियों की पहली पसंद हैं। आप इसे तरह-तरह के फैब्रिक में खरीद सकती हैं जैसे जार्जट, क्रेप, लिनेन, सिल्क, सैटीन। मगर बात जब कॉटन कुर्ती की आती है तो इसकी लोकप्रियता सबसे ऊपर है। आप चाहें तो डिजाइनर कुर्ती भी खरीद सकती हैं, जिस पर विभिन्न तरह की कारीगरी और ब्लाक प्रिंट की सजावट की जाती है। इस कारण यह कुर्तियां हर प्रयोजन में इस्तेमाल की जाती हैं। कॉटन कुर्तियां फार्मल और कैजुअल हर तरह से पहनी जाती हैं।

**महंगी नहीं मनभावन कुर्तियां :** पहले जहां गर्मियों में युवतियां सिर्फ कॉटन सलवार-कमीज को ही कूल कपड़े मानती थीं, वहीं आज काफी बदलाव आ गया है। बाजार फैशनेबल और ट्रेंडी कुर्तियों से भरा पड़ा है। आप चाहे बाजार से खरीदें या ऑनलाइन शॉपिंग करें। कुर्तियों की शुरुआत डेढ़ सौ रुपये से होकर ढाई हजार रुपए तक जाती है। तो इन गर्मियों में वार्डरोब से साधारण सलवार-कमीज को करिए अलविदा और फैशनेबल और आरामदायक कुर्तियों से गर्मी दूर भगाइए।

# जॉब इंटरव्यू के लिए जा रहे हैं? बचें यह गलतियां करने से...

**गलत ड्रेसिंग :** जब भी आप इंटरव्यू के लिए जाएं तो अपनी ड्रेसिंग का खास ख्याल रखें। आपने वह कहावत तो सुनी ही होगी कि फर्स्ट इंप्रेशन इज द लास्ट इंप्रेशन। इसलिए साक्षात्कार के लिए जाते समय यह ध्यान रखें कि आपका ड्रेसअप एकदम प्रोफेशनल हो।**लेट पहुंचना :** वैसे तो आमतौर पर लोग इंटरव्यू के लिए देर से नहीं पहुंचते लेकिन रास्ते में जाम या किसी काम में फंस जाने के कारण आप लेट न हों, इसलिए समय से पहले ही इंटरव्यू के लिए निकल जाएं। अगर आपको थोड़ी भी देर होगी तो आपका गलत इंप्रेशन पड़ेगा। साथ ही इससे यह भी समझ आएगा कि आप टाइम मैनेजमेंट के मामले में काफी पीछे हैं। हो सकता है कि आपको नौकरी मिलने से पहले ही उसे गंवाना पड़े। इसलिए समय पर पहुंचना बहुत जरूरी है। **फोन का इस्तेमाल :** इंटरव्यू के लिए केबिन में जाने से पहले ही अपने फोन को साइलेंट या स्विच ऑफ कर दें। अगर कोई मैसेज आता भी है तो उसका रिप्लाई करने मत लग जाइएगा। बेहतर होगा कि आप फोन को अपने बैग या पर्स में रख दें तथा इंटरव्यू समाप्त होने के बाद ही अपना फोन चैक करें। **कंपनी के बारे में जानकारी :** आप जिस भी कपंनी में इंटरव्यू देने जाएं तो सबसे पहले उसके बारे में पूरी तरह से रिसर्च अवश्य करें। आपको कंपनी व उसकी यूएसपी के बारे में पता होना चाहिए। अक्सर इंटरव्यू के दौरान यह सवाल पूछा जाता है कि आप इस कंपनी को क्यों ज्वॉइन करना चाहते हैं या फिर आपने पहले वाली नौकरी क्यों छोड़ी। **पर्याप्त ध्यान :** अगर यह आपका पहला इंटरव्यू है तो आपका घबराना या नर्वस होना लाजमी है। लेकिन इससे इंटरव्यू के दौरान अपने ध्यान को भटकने न दें। साथ ही इंटरव्यू के दौरान अपने बॉडी लैंग्वेज व आई कॉन्टेक्ट को भी बनाएं रखें। आपका सही बॉडी पॉश्चर आपको सफलता दिलाने में काफी मदद करेगा। **बहुत अधिक बोलना :** कभी-कभी ऐसा होता है कि अपना बखान करने के चक्कर में आप बहुत अधिक बोलते हैं। **आत्मविश्वास की कमी :** हो सकता है कि आप जिस पोस्ट के लिए इंटरव्यू दे रहे हैं, उसमें आप एकदम फिट बैठते हों लेकिन आपके भीतर आत्मविश्वास की कमी आपके लिए हानिकारक हो सकती है। आपसे जो भी सवाल पूछा जाए, उसका जवाब बेहद आत्मविश्वास के साथ दें। अगर आपके जवाबों में कोई कमी होगी भी, तो आपका आत्मविश्वास उस रिक्त स्थान को आसानी से भर देगा। साथ ही इस बात का ध्यान भी रखें कि अगर आपसे आपकी पिछली नौकरी के बारे में पूछा जाए तो उसका जवाब देने से हिचकें नहीं। उसी आत्मविश्वास के साथ बात करें। अगर आप वहां के बारे में झूठ बोलेंगे या हड़बड़ाएंगे तो सामने वाला व्यक्ति इसे आसानी से भांप जाएगा और यही बात आपके खिलाफ भी जा सकती है।

# आज का राशिफल..........

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आप किसी से धन उधार लेने से बचें और अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखें।

**वृषभ राशिः** आज का दिन आपके लिए साहस और पराक्रम में वृद्धि लेकर आने वाला है और आप बड़ों से तालमेल बनाए रखें। आपको कोई अकस्मात लाभ मिल सकता है।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से कार्य करने के लिए रहेगा और आपकी धार्मिक कार्य के प्रति आस्था बढ़ेगी। कुछ नए जनसंपर्क का आप लाभ उठाएंगे।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप अपने आवश्यक कार्य की सूची बनाकर चलेंगे, तो आप अपने सभी कामों को आसानी से निपटा पाएंगे।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए अपने कामों में लापरवाही करने से बचना होगा और आप कुछ अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखें। तो आप उसे नजर अंदाज न करें, नहीं तो बाद में आपको पछतावा होगा।

**कन्या राशिः**आज का दिन आपके लिए कारोबार के मामले में अच्छा रहने वाला है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**तुला राशिः** आज का दिन जन कल्याण के कार्य से जुड़कर अच्छा काम करने के लिए रहेगा। व्यापार में आपको जिम्मेदारी से कार्य करने होंगे और नौकरी के प्रयास आपके तेज होंगे।

**वृश्चिक राशिः**आज के दिन आपको निर्णय लेने की क्षमता का पूरा लाभ मिलेगा। आप संतान को संस्कारों व परंपराओं का पाठ पढ़ाएंगे। आध्यात्म के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए सूझबूझ दिखाकर कार्य करने के लिए रहेगा। आपके किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के योग बनते दिख रहे हैं।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। बुद्धि और साहस से आज आपको कामों में सफलता मिलेगी। वाणिज्यिक प्रयास आपके लिए बेहतर रहेंगे।

**कुंभ राशिः**आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है और रक्त संबन्धी रिश्तों में मजबूती आएगी। कोई काम आप अपने पिताजी से पूछ कर करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। किसी वाद विवाद में ना पड़े, नहीं तो आपको समस्या हो सकती है। वरिष्ठ सदस्यों से आपकी किसी बात को लेकर बहसबाजी में नहीं पड़े।




विज्ञापन प्रतिनिधि
श्री सुजीत कुमार
मो. 7007632314

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।